CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 281 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 06 नवम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# लोगों की भलाई और देश के विकास में सिख समाज का महत्वपूर्ण योगदान : भजनलाल शर्मा

### जयपुर में सिख समाज ने मुख्यमंत्री भजनलाल का किया ऐतिहासिक स्वागत, अपने स्वागत सत्कार को देखकर भाव विभोर हो गए मुख्यमंत्री शर्मा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)।** प्रदेश में गुरु नानक जयंती के अवसर पर बुधवार को जयपुर के सिख समाज ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का ऐतिहासिक स्वागत किया। हजारों की संख्या में मौजूद सिख समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री शर्मा को फूल मालाओं से लाद दिया। मुख्यमंत्री शर्मा को गुलदस्ते भेंट करने और उन्हें माला पहनाने के लिए सिख समाज के लोगों में होड़ मच गई। मुख्यमंत्री शर्मा भी सिख समाज के लोगों का अपने प्रति आदर भाव और प्यार दिखाने पर भाव विभोर हो गए। मुख्यमंत्री शर्मा पूरी तरह से गुरु नानक जयंती के अवसर पर सिखों के बीच सिखों की तरह ही सर पर पगड़ी पहने हुए थे और पंजाबी भाषा में ही वहां मौजूद लोगों से नारे लगवा रहे थे। मुख्यमंत्री शर्मा पूरी तरह से पंजाबी नजर आ रहे थे। गुरु नानक जयंती पर यह विशेष कार्यक्रम जयपुर के मानसरोवर में हीरा पद पर स्थित गुरुद्वारे यह विशेष कार्यक्रम जयपुर के मानसरोवर में हीरा पथ पर स्थित गुरुद्वारे में आयोजित किया गया था।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि गुरु नानक जी ने देश में कुरीतियां और पाखंड मिटाने में बड़ी भूमिका निभाई देश में सभी जाति और धर्म के लोगों के बीच आपस में प्यार और समन्वय स्थापित करने के प्रयास किया उन्होंने कहा कि आज से 500 साल पहले गुरु नानक जी ने जो ऐतिहासिक कार्य किया और उनके जो सिद्धांत और वचन है आज पूरी तरह से प्रासंगिक बने हुए हैं उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी की प्रेरणा से ही सिख समाज लोगों की भलाई समाज और देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। एक तरफ सिख समाज प्राकृतिक आपदा भूकंप, बाढ़ महामारी और अन्य तरह की विपदा पड़ने पर लोगों की भलाई और सेवा करने में हमेशा आगे रहा है तो दूसरी तरफ देश में व्यापार आर्थिक और सामाजिक प्रगति में भी बड़ी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि चाहे देश की रक्षा करने की बात हो या फिर देश की सेवा करने का विषय हो सिख समाज हमेशा आगे रहा है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान सरकार सिख समाज के विकास और कल्याण के लिए पूरी तरह से संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गुरुद्वारों की मरमत और विस्तार के लिए संकल्पित है और आगे भी उनकी जो भी समस्या और पीड़ा होगी उसकी सरकार दूर करेगी उन्होंने कहा कि गुरुद्वारे में आकर उन्हें बहुत खुशी हो रही है वह अपने आप को बहुत सौभाग्यशाली मानतेहैं जिस तरह से इस कार्यक्रम में उनके प्रति स्नेह और आदर भाव जताया गया वह इस क्षण को कभी नहीं भूलेंगे । कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के नेता और राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अजय पाल सिंह और सिख समाज के कईबड़े सभी बड़े पदाधिकारी और हजारों की संख्या में सिख समाज के लोग उपस्थित थे।



# राज्य क्रिकेट संघ के टकराव से रणजी ट्रॉफी से बाहर हो सकती है राजस्थान की टीम

### राजस्थान की क्रिकेट राजनीति का अखाड़ा बनी, प्रदेश की क्रिकेट और क्रिकेटरों का भविष्य खतरे में सड़क दुर्घटना रोकने के लिए सरकार ने बनाया नया एक्शन प्लान, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं)।** राज्य क्रिकेट संघ में ही नहीं बल्कि बल्कि जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी में भी आपस में टकराव के हालात बने हुए है। जिसकी वजह से प्रदेश के होनहार क्रिकेटर और प्रदेश की क्रिकेट को काफी नुकसान हो रहा है। प्रदेश के क्रिकेटरों में असमंजस की स्थिति बन गई है जिस तरह से राज्य क्रिकेट संघ के पदाधिकारी के बीच आपस में चल रही खींचतान की वजह से रणजी ट्रॉफी की दो टीम घोषित की गई है और अब 8 नवंबर को रणजी ट्रॉफी में राजस्थान का दूसरा मुकाबला होने वाला है। इस स्थिति में कौन सी टीम अगला मुकाबला खेलेगी यह अभी कहना मुश्किल है इसलिए अलग-अलग टीमों की घोषणा होने से खिलाड़ियों में भी असमंजस का भाव बना हुआ है कुल मिलाकर राजस्थान की क्रिकेट और क्रिकेटर इस समय बुरे दौर से गुजर रहे हैं ।एक तरफ देश की महत्वपूर्ण रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है तो दूसरी तरफ राज्य क्रिकेट संघ के टकराव की वजह से रणजी ट्रॉफी के मैच के लिए दो टीमों का सिलेक्शन होना भारत की क्रिकेट में हास्य पद स्थिति को दिखा रहा है।

अब चर्चा यह भी है कि इस मामले में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड हस्तक्षेप कर सकता है और हो सकता है राजस्थान की टीम को रणजी ट्रॉफी से बाहर भी कर दिया जाए क्योंकि राज्य क्रिकेट संघ की तदर्थ कमेटी के कन्वीनर डीडी कुमावत की सिलेक्शन कमिटी की ओर से अलग टीम की घोषणा की गई और तदर्थ कमेटी के चार-चार सदस्यों की ओर से अलग टीम की घोषणा की गई उससे इन दो टीमों में से कौन सी टीम 8 नवंबर को रणजी ट्रॉफी का मुकाबला खेलेगी। यह भारत के खेल जगत में हास्य पद बन गयाहै । पिछले कुछ महीनो से राज्य क्रिकेट संघ की तदर्थ कमेटी के कन्वीनर डीडी कुमावत के खिलाफ तदर्थ कमेटी के बाकी चार सदस्यों ने मोर्चा खोला हुआ है तदर्थ कमेटी दो ग्रुप में बट गई है जिसकी वजह से प्रदेश के क्रिकेट जगत में एक अलग बवाल मचा हुआ है इस बवाल से प्रदेश के होनहार क्रिकेटरों का सबसे ज्यादा नुकसान हो रहा है। जानकार लोगों का कहना है कि प्रदेश की क्रिकेट में ललित मोदी के आगमन के बाद प्रदेश के क्रिकेट और क्रिकेटरों का काफी तेजी से विकास हुआ था ।एक तरफ जहां आईपीएल प्रतियोगिताओं का आयोजन होने लगा था तो दूसरी तरफ कई अंतरराष्ट्रीय मेचो का भी जयपुर में आयोजन हुआ लेकिन जब से ललित मोदी की राजस्थान क्रिकेट से विदाई हुई है तब से ही राजस्थान की क्रिकेट राजनीति का अखाड़ा बन गई है बड़े-बड़े राजनेता और उनके परिजन राज्य क्रिकेट संघ और जिला क्रिकेट संघ पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए हैं। जिसकी वजह से राज्य क्रिकेट संघ का भी राजनीतिकरण हो गया है उसी का नतीजा है कि रणजी ट्रॉफी मैच के लिए दो टीमों की घोषणा हुई और अब ऐसा दिखता है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड रणजी ट्रॉफी से राजस्थान की टीम को बाहर कर सकता है अगर ऐसा होता है तो इसके जिम्मेदार राज्य क्रिकेट संघ और जिला क्रिकेट संघ ही होंगे।

## हरियाणा में कांग्रेस की जीत को हार में बदला गया, वोट चोरी पर राहुल गांधी का हाइड्रोजन बम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)।** राहुल गांधी ने दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन का बुधवार को आयोजन किया संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने हरियाणा विधानसभा चुनाव में कथित वोट गड़बड़ी को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा चुनाव को लेकर उन्हें कई शिकायतें मिली थी और पार्टी ने मामले की गहन जांच पड़ताल की उनका कहना था की जांच में उन्हें भारी गड़बड़ी मिली। उन्होंने विशेष रूप से देश के युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह उनके भविष्य का सवाल है और उन्हें इस मामले पर ध्यान देना चाहिए राहुल गांधी ने हरियाणा के एग्जिट पोल का भी हवाला दिया और कहा कि उनमें कांग्रेस की जीत दिखाई गई। उन्होंने कहा कि स्थानीय नेताओं और पार्टी की टीम ने पूरी व्यवस्था के साथ चुनाव की तैयारी की थी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने साफ किया था कि हम सरकार बनाने जा रहे हैं और हमारे पास सारी व्यवस्था है उन्होंने कहा कि हरियाणा के एग्जिट पोल में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत दिखाया गया था और सभी पोल यही संकेत दे रहे थे लेकिन पहली बार ऐसा हुआ की पोस्टल वोट और वास्तविक वोटो में बड़ा अंतर सामने आया उन्होंने कहा कि ब्राजील की एक मॉडल ने हरियाणा में मतदान किया और उसने 10 अलग-अलग बूथ पर कुल 22 बार वोट डाला उनका नाम वोटर लिस्ट में अलग-अलग नाम से दर्ज था जैसे सीमा सरस्वती स्वीटी विमल इत्यादि इसके साथ ही उम्र और




अन्य विवरण में भी अंतर पाया गया राहुल गांधी ने कहा कि हरियाणा में कुल 25 लाख से अधिक वोटो में गड़बड़ी सामने आई है ।उन्होंने बताया डुप्लीकेट वोटर 5 लाख 21619 गलत पता 93174 ब्लक 1राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग को बताना चाहिए की 223 बार एक ही बूथ पर किसी एक का ही नाम कैसे हैं चुनाव आयोग के खिलाफ हमने सबूत रख दिया है ।राहुल गांधी ने कहा कि एक भाजपा नेता ने पहले उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में वोट डाला और फिर हरियाणा में भी मतदान किया उन्होंने कहा कि 100 प्रतिशत साबित होता है कि हरियाणा में कांग्रेस पार्टी की सरकार बन रही थी लेकिन एक रणनीति के तहत कांग्रेस पार्टी को हराया गया।

# बिहार में 160 से ज्यादा सीट जीतेगी एनडीए, मुख्यमंत्री के चेहरे पर विपक्ष फैला रहा भ्रांति : अमित शाह

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)।** देश के गृहमंत्री और भाजपा के चाणक्य माने जाने वाले अमित शाह ने बिहार विधानसभा चुनाव नतीजे पर अपना आकलन प्रकट करते हुए कहा है कि बिहार में एनडीए 160 से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करेगा उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ा जा रहा है। लेकिन विपक्ष मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर भ्रांतियां फैलाने की कोशिश कर रहा है जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ा जा रहा है तो फिर मुख्यमंत्री के फेस पर कोई कंफ्यूजन रहना ही नहीं चाहिए अमित शाह ने यह बातें एक बड़े मीडिया ग्रुप को साक्षात्कार देते समय बताई।

अमित शाह का मानना है कि एनडीए 160 से ज्यादा सीट जीतकर बिहार में सरकार बनाएगी। इसके साथ ही जीत का मार्जिन भी बढ़ेगा सबसे बड़ी पार्टी कौन होगी? इस पर अमित शाह ने कहा कि यह दूसरे चरण के रफ्तार पकड़ने पर पता चलेगा अमित शाह ने कहा कि बिहार की जो तबाही हुई है उस तबाही का मूल कारण ही जंगल राज है। उन्होंने



कहा कि आजादी के बाद देश की राजनीतिक आर्थिक सभी गतिविधियों में बिहार का महत्वपूर्ण योगदान था। सिविल सर्विस के सबसे ज्यादा बच्चे सफल होकर बिहार से आते थे शिक्षा के मामले में बिहार तप के तीन चार राज्यों में रहा करता था। उस बिहार को लालू यादव राबड़ी देवी शासन ने 15 साल के अंदर बिहार को बीमारू राज्य बनाने का काम किया जब तक कानून और व्यवस्था ठीक नहीं होती कोई राज्य विकास नहीं कर सकता। विकास की अवधारणा विकास को जमीन पर उतरना और अच्छी कानून व्यवस्था एक ही सिक्के के दो पहलू हैं उन्होंने कहा कि जब तक हम जंगल राज की जनता को याद नहीं दिलाते हैं हमारे विकास की गारंटी का कोई मतलब नहीं है जंगल राज को हमने समाप्त किया और इसे अब नहीं आने देंगे उसके आधार पर ही विकास की गारंटी पर विकास बन सकता है और विकास हुआ भी है। अमित शाह ने एक सवाल के जवाब में बताया कि राष्ट्रीय जनता दल ने जितने भी टिकट बांटे हैं लालू के घर पर प्रत्याशी को बुलाया गया लालू के आशीर्वाद के साथ फोटो खिंचवा कर दिखाया गया लालू और उनके बेटे एक ही घर में रहते हैं। राबड़ी भी उसी घर में रहती है जंगल राज व्यक्ति के साथ जुड़ा हुआ नहीं है पार्टी के कल्चर के साथ जुड़ा है। एक अन्य सवाल के जवाब में अमित शाह ने कहा कि हमने तो जो कहा है वह किया है जब प्रधानमंत्री मोदी 1.5 लाख करोड रुपए बिहार के विकास के लिए देने की बात बोलते थे तो कांग्रेस ने मजाक उड़ाया था आज मोदी के शासन में 13.15 लाख करोड रुपए हमने बिहार को दे दिए हैं और व्यक्तिगत योजनाओं का लाभ अलग है उन्होंने कहा कि हर जिले में स्किल पार्क बनेगा स्वरोजगार को बढ़ाएंगे सरकारी नौकरी प्राइवेट नौकरी और स्वरोजगार मिलकर कल 1 करोड़ युवाओं को हम रोजगार देंगे हर जिले में नए औद्योगिक पार्क बनाएंगे डिफेंस कॉरिडोर और सेमीकंडक्टर क्लीन मैन्युफैक्चरिंग की भी बिहार में अब शुरुआत होने वाली है हमने 1.41 करोड़ जीविका दीदी में प्रत्येक को 10000 रुपए दिए रुपए हासिल करने वालीअब जीविका दीदी का समूह बनाया जाएगा प्रत्येक समूह में 25 जीविका दीदी होगी और हम 2 लाख रुपए और देंगे हरजीविका दीदी को मछुआरों की राशि भी हम बढ़कर 9000 तक करेंगे द्य अमित शाह ने बताया कि पटना दरभंगा पूर्णिया भागलपुर में नए एयरपोर्ट बनाएंगे बिहार के चार शहर में मेट्रो ट्रेन और हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना है।



## पीएम से मिली भारतीय महिला क्रिकेट टीम

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** पहली बार विमेंस वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय महिला टीम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम ने टीम को जीत के लिए बधाई दी और लगातार 3 हार और सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग के बावजूद शानदार वापसी की सराहना की। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 2017 में पीएम मोदी से हुई मुलाकात को याद किया, जब वे ट्रॉफी के बिना उनसे मिली थीं। इस बार वे ट्रॉफी के साथ उनसे मिली हैं। उन्होंने कहा कि हम ट्रॉफी के साथ उनसे बार-बार मिलना चाहेंगे। वहीं, उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि पीएम ने सभी को मोटिवेट किया। वे हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।' भारतीय टीम के साथ बीसीसीआई प्रेसिडेंट मिथुन मन्हास और कोच अमोल मजूमदार भी मौजूद रहे। बांग्लादेश के खिलाफ चोटिल होने वाली प्रतिका रावल व्हीलचेयर पर दिखीं। भारतीय टीम ने 2 नवंबर को डीवाई पाटिल स्टेडियम में साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराकर विमेंस वर्ल्ड कप जीता था। टीम की खिलाड़ियों ने पीएम मोदी को स्पेशल जर्सी गिफ्ट की, जिसमें सभी खिलाड़ियों ने साइन किए थे। इसमें नमो-1 लिखा हुआ है।

# भजनलाल शर्मा और वसुंधरा राजे का आज अंता में रोड शो, मुख्यमंत्री के भाषण पर सब की निगाह

जयपुर टाइम्स

**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पिछले दो दिनों से अंता विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी की जीत को सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत से चुनाव प्रचार कर रही है। एक तरफ वसुंधरा राजे क्षेत्र में लोगों से मुलाकात करके भारतीय जनता पार्टी के लिए समर्थन मांग रही है तो दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े स्थानीय नेताओं के साथ नियमित रूप से मीटिंग करके मतदान वाले दिन मजबूत बूथ मैनेजमेंट के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दे रही हैं वैसे





तो अंता विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के कई बड़े नेता चुनाव प्रचार में अपनी उपस्थिति दिखा चुके हैं इसमें राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्यों ने भी यहां पर चुनाव प्रचार किया है और भाजपा के संगठन से जुड़े बड़े नेता भी यहां पर चुनाव प्रचार कर रहे हैं लेकिन आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्पीड पर चुनाव प्रचार करने के लिए आ रहे है। मुख्यमंत्री शर्मा का यहां पर अंता से मांगरोल कस्बे तक विशाल रोड शो का आयोजन किया जा रहा है। इस रोड शो में वसुंधरा राजे और भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन और स्थानीय सांसद दुष्यंत सिंह मौजूद रहेंगे।

मुख्यमंत्री शर्मा के इस रोड शो को विशाल रूप देने के लिए यहां पर भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेता लोगों को पीला चावल वितरित करके उन्हें रोड शो में आने के लिए निमंत्रित कर रहे है। मांगरोल कस्बे में रोड शो के बाद सभा का आयोजन भी किया जाएगा ।इस सभा में मुख्यमंत्री के भाषण पर स्थानीय लोगों की निगाह टिकी हुई है स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा यहां पर उनके निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुछ बड़ी घोषणाएं और वादे कर सकते हैं हालांकि अभी चुनावी आचार संहिता लागू होने की वजह से कई तरह की बाध्यता है लेकिन फिर भी लोगों को लग रहा है कि मुख्यमंत्री शर्मा अंता विधानसभा क्षेत्र के लिए कोई विशेष रोड मैप तैयार करके ही यहां पर आ रही है। इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा के भाषण को सुनने के लिए यहां पर बड़ी संख्या में लोगों के एकत्रित होने की जानकारी भी मिल रही है।

जानकार लोगों का कहना है कि इस रोड शो में वसुंधरा राजे भी मौजूद रहेगी ।इसलिए यह रोड शो भाजपा प्रत्याशी के चुनाव प्रचार को जोरदार तरीके से गति देगा पिछले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कंवरलाल मीणा ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भैया को करीब 5000 वोटो से हराया था हालांकि इस सीट पर भाया पूर्व में विधायक रह चुके हैं इसलिए भाजपा के रणनीतिकार भी प्रमोद जैन भाया को यहां मजबूत कैंडिडेट मानते हैं यही वजह है कि यहां पर सत्ता और संगठन से जुड़े कई बड़े नेता प्रचार की जिम्मेदारी संभाले हुए हैं और आज जिस तरह से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे दोनों मिलकर रोड शो का आयोजन कर रहे हैं इसका सीधा सा मतलब यही है कि इस सीट को हर हाल में भारतीय जनता पार्टी अपने कब्जे में फिर से करने के लिए अपनी ओर से कोई कसर चुनाव प्रचार में बाकी नहीं छोड़ रही।

CMYK

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
6 नवम्बर, 2025


## सुभाष नगर योगा केन्द्र के 1 वर्ष पूर्ण, होगा सामूहिक योगा 7 को



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं)।** सुभाष नगर योगा केन्द्र के संरक्षक डॉ.एस.सी. मित्तल ने बताया कि बडा सौभाग्य का विषय है कि राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् की 150 वीं वर्षगाँठ एवं भारतीय योग संस्थान, आर.डी.एन.सी.मित्तल फाउंडेशन के द्वारा संचालित सुभाष नगर योगा केन्द्र के 1 वर्ष पूर्ण हो जाने के शुभ अवसर पर शुक्रवार 07 नवम्बर को सामूहिक योगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन प्रातः 06 से मित्तल हॉस्पिटल के पास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भारतीय योग संस्थान, आई.डी.एन.सी. मित्तल फाउंडेशन, पतंजलि योग संस्थान, सर्व हितकारी योग संस्थान, कल्पतरु योग संस्थान, कीर्ति योग संस्थान इत्यादि सभी योगा संस्थाओ के पदाधिकारी एवं सदस्य एक साथ पधारकर सामूहिक योगा करेंगे। योगाचार्य नरेन्द्र गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का प्रारंभ वन्दे मातरम् गायन के साथ होगा। इस कार्यक्रम में कुछ योगा नृत्य, भजन के कार्यक्रम भी होंगे। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक कार्यक्रम संयोजक गिरीश गुप्ता ने दी।

## अन्नकूट महोत्सव में श्रद्धालुओं ने पाई प्रसादी

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं)।** शहर के प्राचीन भूरासिद्ध हनुमान मंदिर पर बुधवार को जयपुर से आए गौ सेवक और परम भक्त शिवशंकर ने अपने मित्र मनोज अग्रवाल के साथ हनुमान मंदिर में बाबा के दर्शन किए ओर पूजा-अर्चना की। इसी दौरान वहां हृदय नाथ महाराज की स्मृति में आयोजित अन्नकूट प्रसाद ग्रहण किया। पंडित धर्मवीर शर्मा ने बताया कि भूरासिद्ध हनुमान मंदिर में बुधवार को अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में भक्तों ने अन्नकूट प्रसादी का आशीर्वाद रूप में प्रसाद पाया। यहीं नहीं भक्तों ने मंदिर में हनुमान चालिसा के पाठ ओर सुन्दरकाण्ड के पाठ भी किए। सभी भक्तों ने अलवर सहित देशवासियों के लिए हनुमानजी महाराज से सुख-शांति ओर समृद्धि की मंगल कामना की।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पेंशनर्स के वर्ष 2026 हेतु वार्षिक भौतिक सत्यापन यथाशीघ्र करावे

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत पेंशनर्स के वर्ष 2026 हेतु वार्षिक भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है अतः पेंशनर्स शीघ्रातिशीघ्र अपना वार्षिक भौतिक सत्यापन करावे। उन्होंने बताया कि पेंशन अपने नजदीकी ई-मित्र कियोस्क पर जाकर अपनी अंगुली की छाप के माध्यम से सत्यापन करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त पेंशन विभाग द्वारा जारी मोबाइल एप के माध्यम से घर बैठे अपने मोबाइल पर फेस कैप्चर करने निःशुल्क सत्यापन करा सकते हैं, अपने क्षेत्र के पेंशन स्वीकृकर्ता अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर पेंशन पीपीओ में जुडे मोबाइल नंबर पर ओटी प्राप्त करके, ई-मित्र प्लस मशीनों के माध्यम से भी निःशुल्क सत्यापन करा सकते हैं। इनमें से किसी भी माध्यम से सत्यापन नहीं हो पाता है तो संबंधित पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी/विकास अधिकारी) के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन कराया जा सकता है। भौतिक सत्यापन के अभाव में पेंशन राशि का भुगतान नहीं किया जावेगा।


## सेवा, समानता और सद्भाव का संदेश लिए सिख समाज ने मनाया प्रकाश पर्व

जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं)।** सिख समाज की ओर से प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश उत्सव पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रमों की श्रृंखला 30 अक्टूबर से 3 नवंबर तक नगर में चली, जिसमें प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरियों में श्रद्धालु गुरु बाणी का कीर्तन करते हुए नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरे और गुरु नानक देव जी के उपदेशों का संदेश दिया बुधवार को मुख्य आयोजन गुरुद्वारा साहिब में हुआ, जहां शब्द-कीर्तन का पाठ किया गया और गुरु का लंगर वितरित हुआ। श्रद्धालुओं ने नतमस्तक होकर अरदास की और गुरु परंपरा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की शाम को बच्चों द्वारा काव्य पाठ एवं धार्मिक प्रस्तुतियां दी गई, जिसमें गुरु नानक देव जी के जीवन और उपदेशों को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया सिख समाज के प्रतिनिधि सुरजीत सिंह ने बताया कि प्रकाश उत्सव का उद्देश्य समाज में सेवा, समानता और सद्भाव के संदेश को फैलाना है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सिख समाज के सदस्य और नगरवासी उपस्थित रहे और उत्सव की गरिमा में सहभागी बने।

## ग्राम काकरदोपा में इंटरलॉकिंग सड़क व जोहड़ सुरक्षा दीवार का लोकार्पण

**बहरोड(निसं)।** पंचायत समिति बहरोड़ के ग्राम काकरदोपा में पंचायत समिति प्रधान कोटे से निर्मित इंटरलॉकिंग सड़क और जोहड़ की



सुरक्षा दीवार का लोकार्पण मुख्य अतिथि सरोज बस्तीराम यादव, प्रधान पंचायत समिति बहरोड़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मोहित यादव, अध्यक्ष जिला क्रिकेट संघ अलवर ने की इस मौके पर डॉ. यादव ने ग्रामवासियों की मांग पर श्मशान भूमि में एक सिंगल फेस बोरिंग व एक इंटरलॉकिंग सड़क के निर्माण हेतु कुल रूपये10 लाख के विकास कार्य विधायक कोटे से करवाने की घोषणा की मुख्य वक्ता बस्तीराम यादव एडवोकेट ने कहा कि सांसद भूपेंद्र यादव द्वारा जिले को ईआरसीपी परियोजना में शामिल कराना, 105 ई-लाइब्रेरियों की स्थापना और सांसद खेल उत्सव जैसे आयोजन युवाओं के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम हैं कार्यक्रम में उपप्रधान प्रदीप यादव, सरपंच नगेंद्र यादव, कैलाश सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं व युवा उपस्थित रहे।

## अलवर पेंशनर्स सहकारी समिति लि का सम्मान सम्मारोह हुआ आयोजित

### पेंशनर समाज की मुख्य धुरी : मंत्री संजय शर्मा




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में स्कीम नं. 10 स्थित पेंशनर भवन में आयोजित अलवर पेंशनर्स सहकारी समिति लि. के कार्यक्रम में शिरकत कर 80 वर्ष से अधिक 150 आयु के सदस्यों का सम्मान किया एवं स्मारिका का विमोचन किया। वन मंत्री शर्मा ने सभी पेंशनरों की दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने की कामना करते हुए कहा कि पेंशनर्स समाज की धुरी है जो समाज को नई दिशा में देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के पेंशनरों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है और उनकी सभी समस्याओं का हरसंभव समाधान करने का सकारात्मक प्रयास करती आ रही है। उन्होंने पेंशनर समाज को साधुवाद देते हुए कहा कि पेंशनर समाज द्वारा निरन्तर सामाजिक सरोकार के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स अनुभवी व्यक्ति होते हैं जिसका लाभ समाज के युवाओं को मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि अलवर के वरिष्ठ नागरिकों ने शहर के विकास को बढते हुए देखा है। इसलिए शहर के विकास में वरिष्ठजन अपनी राय व सुझाव देते रहे जिससे अलवर शहर को विश्व के मानचित्र पर लाने का काम किया जा सके। उन्होंने कहा कि पेंशनरों की सभी न्यायोचित मांगों को पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने विधायक निधि से पेंशनर्स भवन में 10 किलोवाट का सौलर प्लांट लगवाने की घोषणा की। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. मिथिलेश गुप्ता व मुकेश पौरुष ने किया। इस अवसर पर अलवर पेंशनर्स सहकारी समिति लि के अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा, के के गुप्ता, श्रीकिशन गुप्ता, पं. जले सिंह, प्रकाश अडीचवाल, विशंभर दयाल वशिष्ठ, सागर यादव, सतीश शर्मा, रामबाबू शर्मा, रामलाल वर्मा सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में वरिष्ठजन मौजूद रहे।

## श्री श्याम मोरछड़ी मित्र मण्डल सदस्यों ने भगवान गणेश जी व महल चौक में बाबा श्याम जी को दिया न्यौता

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं)।** श्री श्याम मोरछड़ी मित्र मंडल अपना घर शालीमार की ओर से 6 दिसंबर को भव्य तोरण द्वार नींव मुहूर्त, 19 दिसंबर को भव्य निशान यात्रा एवं रथयात्रा एवं 20 दिसंबर को भव्य श्री श्याम संकीर्तन होगा। यह आयोजन 30 बीघा राम श्याम मंदिर प्रांगण अपनाघर शालीमार में बड़ी धूमधाम से होगा। मंडल उपाध्यक्ष सेतिया ने बताया कि तैयारियों के बीच बुधवार को प्रातः 9 बजे मंडल के सदस्यो द्वारा भगवान श्री गणेश जी महाराज लाल गेट, त्रिपोलिया महादेव व महल चौक स्थित बाबा श्याम को निमंत्रण दिया गया। उन्होंने बताया कि श्री श्याम संकीर्तन में उत्तर प्रदेश से संजीव शर्मा, दिल्ली से राधिका ठाकुर, दिल्ली से सोनी सिस्टर्स, अलवर से भाई महेंद्र अमन, कमल कान्हा व दिल्ली की ध्वनि यूजिकल ग्रुप अपनी स्वर लहरियों से बाबा को रिझायेगे। मंच संचालक बिट्टू राज शर्मा द्वारा किया जाएगा। महोत्सव में कोलकता के फूलों से खाटू श्याम बाबा का आलौकिक श्रृंगार किया जाएगा व 56 भोग की झांकी सजाई जाएगी। इस अवसर पर मंडल के सभी सदस्य मौजूद रहे। मण्डल उपाध्यक्ष जितेंद्र सेतिया ने बताया कि श्री श्याम संकीर्तन के लिए श्री श्याम मोरछड़ी मित्र मंडल अपनाघर शालीमार की ओर से 6 गुरुवार को दिसंबर को भव्य तोरण द्वार नींव मुहूर्त 19 दिसंबर को भव्य निशान यात्रा व चांदी के रथ पर विराजमान बाबा श्याम जी की रथ यात्रा एवं 20 दिसंबर 2025 को भव्य श्री श्याम संकीर्तन अपना घर शालीमार अलवर में होगा। जिसकी तैयारिया जोरो से की जा रही है। इसके साथ ही 19 दिसंबर को भव्य निशान यात्रा व बाबा श्याम की रथयात्रा दोपहर 3 बजे महल चौक स्थित प्राचीन श्याम मंदिर प्रांगण से निकाली जाएगी, जो मुख्य बाजारों से होती हुई 30 बीघा राम श्याम मंदिर प्रांगण अपनाघर शालीमार पहुंचेगी।

## सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए अब जिले में 18 नवंबर तक चलेगा सडक सुरक्षा अभियान

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं)।** सडक दुर्घटनाओं में कम ी लाने एवं मृत्यु दर घटाने, यातायात नियमों की पालना को सख्ती से लागू कराने, सडक उपयोगकर्ताओं में जागरूकता एवं जिम्मेदारी की भावना बढाने तथा सडक अधेसंरचना एवं आपातकालीन सहायता प्रणाली को सुदृढ करने के उद्देश्य से जिले में 18 नव बर तक सडक सुरक्षा अभियान आयोजित किया जाएगा। अभियान के सफल संचालन हेतु अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर प्रशासनिक नोडल अधिकारी एवं पुलिस विभाग की ओर से नियुक्त नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रहेंगे तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता सहायक नोडल अधिकारी रहेंगे। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया है कि जिले में अभियान का फील्ड लेवल पर समन्वय एवं पर्यवेक्षण सुनिश्चित करें, यातायात नियमों की पालना करावे एवं नियमों के वाहन चलाने वालों के विरूद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर कार्रवाई करें। साथ ही हाईवे पर मोबाइल यूनिट एवं ए बुलेंस निर्धारित मानकों के अनुसार कार्यरत रहे तथा सभी छह लेन राजमार्गों पर एनएच-48 मॉडल के अनुरूप लेन ड्राइविंग सिस्टम लागू किया जावे। उन्होंने प्रादेशिक परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये कि ओवरलोडिंग, अनाधिकृत संचालन, फिटनेस उल्लंघन इत्यादि पर सख्त कार्रवाई करें। साथ ही सडक सुरक्षा कार्यशाला एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करावे तथा वाहन चालकों को जागरूक करते हुए रिफ्लेक्टर टेप इत्यादि लगवाने की कार्यवाही करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता एवं एनएचएआई के निदेशक को निर्देश दिये कि सभी राष्ट्रीय एवं रा'य राजमार्गों पर अनाधिकृत कट 15 दिनों में बंद कर रिपोर्ट भिजवाए। डिवाइडर/मीडियन पर रेलिंग या सुरक्षा जाल लगाया जाए, सडक किनारे झाडियां हटाई जाए तथा पटरी एवं गड्डों की मरम्मत करावे। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण अभियान चलाया जाए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त करावे, ट्रैफिक सिग्नलिंग सिस्टम व सडक प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त किया जावे, शहरी क्षेत्रों में भारी वाहनों की नो एंट्री सीमा एवं समय निर्धारण का पुनः परीक्षण किया जाए। सडकों पर से पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने श्रम विभाग के उपायुक्त को निर्देश दिये कि ट्रांसपोर्ट कंपनियों द्वारा चालकों से अत्यधिक समय तक वाहन चलवाने की शिकायतों की जांच कर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। चालाकें के कार्य घंटे व विश्राम समय की पालना सुनिश्चित कर निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान चलाया जाए।

## गौशाला में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



## कार्तिक पूर्णिमा व देव दीपावली पर गौमाता की सेवा में जुटे गौभक्त

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निसं)।** कार्तिक पूर्णिमा एवं देव दीपावली के पावन अवसर पर बुधवार को शहर के कामधेनु पुत्र 36 कॉम गौशाला सेवा के बड़ी संख्या में गौ भक्तों की भीड़ उमड़ी। स्थित थलवा जांव सुमेरपुर में गौसेवा हेतु नगर के श्रद्धालु गौभक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। इस अवसर पर गौसेवा के लिए कई भामाशाहों ने उदारतापूर्वक सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर भामाशाह केशुभाई शंकरलाल अग्रवाल ने 21,000 की राशि भेंट की, वही मनोहरसिंह जोधा व दलपतसिंह जोधा ने 3 क्विंटल लापसी अर्पित की। पूर्णिमा के अवसर पर लालाराम माली एवं मगनलाल प्रजापत द्वारा एक-एक ट्रॉली हरे चारे की व्यवस्था की गई। पावन पर्व पर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिला-पुरुष गौभक्तों ने श्रद्धानुसार हरा चारा, गुड़, दलिया एवं पानी के टैंकर हेतु गौ माता की सेवा के लिए राशि अर्पित की। महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए गौमाता की पूजा-अर्चना की और वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में गौशाला अध्यक्ष मदनसिंह राजपुरोहित, उपाध्यक्ष जोपसिंह परमार, सचिव जोधराज देवड़ा, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद बरुत,सह सचिव मंशाराम कच्छवाह, सह कोषाध्यक्ष बलवंतसिंह परमार, मांगीलाल परमार, खंगारसिंह राजपुरोहित, प्रकाशचंद्र अग्रवाल, नैनमल सोनी,चतरा राम मेघवाल, गोविन्द राठौड़, प्रतापराम माली, भगवतीलाल लोहार एवं चतराराम देवासी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने उपस्थित गौभक्तों का स्वागत एवं अभिनंदन किया और गौसेवा को जीवन का सर्वोच्च धर्म बताया। यह जानकारी प्रेमचंद बरुत कोषाध्यक्ष ने दी।

### विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026

## जिले में बीएलओ ने घर -घर जाकर 2 दिन में 1 लाख 36 हजार से अधिक ईएफ फार्म किये वितरित

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं)।** जिले में मंगलवार 4 नवम्बर से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गणना प्रपत्र वितरण प्रारंभ हो गया है। जिले में दो दिन में 1 लाख 36 हजार 12 गणना प्रपत्र बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वितरित किए गए। गणना प्रपत्र (ईएफ) वितरण में प्रभावशाली रणनीति के कारण अलवर जिला प्रदेश में अग्रणी रहा है। बीएलओ 4 दिसम्बर तक घर-घर जाकर गणना प्रपत्र (ईएफ) फॉर्म भरवाने के कार्य कार्य करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ आर्तिका शुक्ला ने जिले के मतदाताओं से अपील की है कि हर योग्य मतदाता 4 दिसंबर तक अपनी एक नवीनतम रंगीन फोटो एवं आवश्यक सूचनाओं के साथ भरा हुआ गणना प्रपत्र अपने बीएलओ को जमा करा कर स्वच्छ एवं सही मतदाता सूची निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें एवं लोकतंत्र के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करें।

## एसआईआर के तहत बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वेक्षण शुरू

जयपुर टाइम्स



**बिजौलियां(निसं)।** विधानसभा मांडलगढ़ के बिजौलियां ब्लॉक में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सर्वेक्षण का काम शुरू किया जा चुका है। एस0ई0आर0 कार्यक्रम के तहत 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक की अवधि में ब्लॉक के सभी बीएलओ मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर उनसे 2 प्रतियों में गणना प्रपत्र भरवाएंगे। जिसमें से एक प्रति रसीद के तौर पर मतदाता के पास ही रहेगी। उक्त कार्य का बुधवार को एसडीएम अजीत सिंह राठौड़ ने निरीक्षण कर बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## साक्षर नवभारत कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गोविंदपुरा में साक्षर नवभारत कार्यक्रम 2022-27 के प्रचार-प्रसार एवं क्षमता संवर्धन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण राजगढ़ ब्लॉक की मुख्य शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना के निर्देशन तथा ब्लॉक साक्षरता समन्वयक रमेश चंद शर्मा के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि एसीबीईओ युवराज शर्मा, प्रीति परेवा और जगमोहन शर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया अतिथियों ने अपने संबोधन में नवभारत साक्षर कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि निसाक्षरता का उन्मूलन समाज के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 15 वर्ष से अधिक आयु के उन लोगों को साक्षर बनाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है जो किसी कारणवश औपचारिक शिक्षा से वंचित रह गए। उन्होंने कहा कि साक्षरता के साथ डिजिटल ज्ञान आज के युग की आवश्यकता है, इसलिए इस अभियान में डिजिटल साक्षरता को भी विशेष रूप से शामिल किया गया है ताकि प्रत्येक व्यक्ति नई तकनीकों का उपयोग कर अपने जीवन को सशक्त बना सके प्रशिक्षण के दौरान न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम की रूपरेखा, विधिक जागरूकता, संख्यात्मक ज्ञान और जीवनोपयोगी कौशलों से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को साक्षरता के नवाचारों, शिक्षण के आधुनिक तरीकों और समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के उपायों से अवगत कराया ब्लॉक साक्षरता समन्वयक रमेश चंद शर्मा ने बताया कि साक्षर नवभारत कार्यक्रम न केवल अक्षर ज्ञान तक सीमित है, बल्कि इसका उद्देश्य नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और डिजिटल रूप से आत्मनिर्भर बनाना भी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रशिक्षक का योगदान इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षकों, शिक्षण कर्मियों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही। सभी ने एकमत होकर यह संकल्प लिया कि साक्षर भारत के निर्माण में



अपना सक्रिय योगदान देंगे।

## जयपुर में नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने फांसी लगाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)।** जयपुर के महेश नगर थाना इलाके में नीट एग्जाम की तैयारी कर रही छात्र ने पीजी हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक छात्रा के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है मौके पर एफएसएल की टीम भी बुलाई गई है पीजी हॉस्टल के प्रबंधन से जुड़े लोगों से पूछताछ की जा रही है । मृतक छात्र प्रदेश के दौसा जिले के सिकंदरा की रहने वाली है किस कारण की वजह से मृतक छात्रा ने मौत को गले लगाया यह सवाल अभी अबूझ पहेली बना हुआ है मृतक छात्रा पढ़ाई की वजह से अवसाद में थी या कोई घरेलू समस्या थी या कोई अन्य कारण है इन सब सवालों के पुलिस जवाब ढूंढने का प्रयास कर रही है फिलहाल युवती के परिजनों के बयान भी लिए जा रहे हैं इसके अलावा युवती के साथ पढ़ने वाली अन्य छात्र-छात्राओं के भी बयान लिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि इस तरह के मामले कोटा शहर में ज्यादातर देखने को मिलते हैं कोटा शहर में पिछले कई सालों से लगातार हाई प्रोफाइल कोर्सेज की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के आत्महत्या करने के मामले हमेशा मीडिया की सुर्खियों में बने रहते हैं कोटा में हर महीने तीन से चार मामले इस तरह से देखने को मिल ही जाते हैं जयपुर में ऐसे मामले बहुत कम देखने को मिलते हैं लेकिन बुधवार को जिस तरह से महेश नगर में नीट की तैयारी कर रही छात्र ने खुदकुशी की है उसके बाद अब हर किसी की जुबान पर यही छाया रहता है कि क्या जयपुर भी अब कोटा की राह पर खुदकुशी करने के मामले में चल पड़ा है क्योंकि जयपुर में भी बड़ी संख्या में कोचिंग इंस्टिट्यूट हैं यहां पर लाखों की संख्या में विभिन्न कोचिंग इंस्टिट्यूट में लड़के लड़कियां पढ़ते हैं और यहां बड़ी संख्या में पीजी हॉस्टल भी संचालित हैं । बुधवार को जयपुर के महेश नगर में हुई इस घटना के बाद कहीं ना कहीं जिला प्रशासन और पुलिस को इस मामले में गंभीरता दिखानी होगी और यह प्रयास करने होंगे कि जयपुर कहीं कोटा की तरह सुसाइड के मामले में आने वाले दिनों में चर्चित ना हो जाए इससे पहले ही यहां कोचिंग इंस्टिट्यूट मैं पढ़ने वाले छात्रछात्राओं को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत करने के लिए प्रशासन और पुलिस को गंभीरता दिखानी होगी।

## जयपुर की हाई सिक्योरिटी सेंट्रल जेल में फिर तीन कैदियों से चार मोबाइल मिले

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)।** राजधानी जयपुर के हाई सिक्योरिटी जेल में कैदियों से और विभिन्न वार्ड से मोबाइल सिम मिलने का सिलसिला लगातार जारी है जेल प्रशासन के तमाम प्रयासों के बावजूद जेल में आखिर किस तरह से और कैसे कैदियों तक मोबाइल फोन पहुंच जाते हैं इस सवाल का जवाब ढूंढने में ना तो जेल प्रशासन कामयाब हो रहा है और ना ही इन मामलों की जांच कर रही राजस्थान पुलिस सफल हो पा रही है हालांकि जयपुर की सेंट्रल जेल में ही नहीं बल्कि प्रदेश भर की छोटी बड़ी सभी जेल में प्रतिबंधित वस्तुओं के मिलने का सिलसिला अब से नहीं बल्कि कई सालों से लगातार बना हुआ है जेल प्रशासन ने इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कई नवाचार किया कई तरह के कदम भी उठाई लेकिन नतीजा जीरो रहा हालत यह है कि प्रतिबंधित वस्तुएं मिलने के मामलों में कमी होने के बजाय बढ़ोतरी हो रही है राजधानी जयपुर की ही सेंट्रल जेल में पिछले कुछ महीनो से जेल प्रशासन की ओर से कई बार विभिन्न वार्डो की जांच पड़ताल की गई जिसमें हर बार जेल के वार्ड और कैदियों से मोबाइल सिम इत्यादि मिल रहे हैं बुधवार को भी जेल प्रशासन की ओर से सेंट्रल जेल के वार्ड नंबर 2 में 4 मोबाइल और सिम बरामद किए गए इस मामले में जेल प्रशासन ने लाल कोठी पुलिस स्टेशन में मनोज प्रहलाद और भंवरलाल के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। जानकार लोगों का कहना है की जेल की सुरक्षा में लगे कर्मचारियों की मिली भगत के बिना यह संभव ही नहीं है कि कैदियों तक मोबाइल और प्रतिबंधित चीज पहुंच जाए कहीं ना कहीं इस मामले में जेल प्रशासन से जुड़े लोग लापरवाह हैं या फिर उनकी कोई सेटिंग होती है जिसकी वजह से कैदियों तक प्रतिबंधित चीज पहुंच जाती है जानकार लोगों का कहना है कि कई बार जब जेल से विचार दिन कैदी को पेशी के दौरान कोर्ट ले जाया जाता है और फिर वापस कोर्ट से जेल लाया जाता है इस दौरान ही कहीं ना कहीं कैदी के परिजन और परिचित मिली भगत करके कैदियों को प्रतिबंधित चीज दे देते हैं जेल में प्रवेश के दौरान भी कहीं ना कहीं इनकी सेटिंग होती है अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं हो पाती और जो लोग जेल के प्रवेश द्वार पर चेक करते हैं वे कहीं ना कहीं अपनी ड्यूटी को ठीक तरह से ईमानदारी से नहीं निभा पाते जिसकी वजह से वे आराम से जेल के प्रवेश द्वार से अपने वार्ड तक पहुंच जाते हैं और फिर जेल से आराम से मोबाइल से जहां बात करनी होती है बात करते रहते हैं हालांकि जेल में जैमर लगे होते हैं लेकिन कैदी उन जगहों पर जाकर बात कर लेते हैं जहां पर जैमर की पहुंच नहीं होती कुल मिलाकर इस तरह के मामलों को रोकने के लिए जेल प्रशासन को और भी कड़े कदम उठाने होंगे क्योंकि राजस्थान पुलिस के बड़े अधिकारी भी यह मानते हैं की जेल में बंद बड़े अपराधी जेल से ही अपराध की गतिविधियों को ऑपरेट करते रहते हैं इसलिए मोबाइल और सिम कैदियों तक पहुंचे ही नहीं इस बात का जेल प्रशासन को विशेष ध्यान रखना ही होगा।

## रेलवे मनाएगा स्टेशनों के शताब्दी समारोह, बीकानेर स्टेशन पर मनाया जाएगा स्टेशन महोत्सव

**जयपुर(कास.)।** भारत में रेल संचालन की शुरुआत हुए 172 वर्ष हो चुके हैं। इन वर्षों में धीरे धीरे पूरे भारतवर्ष में रेल का विकास हुआ है। कई रेल मार्गो और स्टेशनों को बने सौ से अधिक वर्ष बीत चुके हैं। ये स्टेशन भवन अब हमारी विरासत बन चुके है। इन्हीं विरासतों को सहेजने के उद्देश्य से रेल मंत्रालय ने रेलवे स्टेशनों के शताब्दी समारोह मनाने का निर्णय लिया है। इस क्रम उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर स्टेशन पर स्टेशन महोत्सव मनाया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार बीकानेर स्टेशन पर 7 से 13 नवंबर तक स्टेशन महोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर बीकानेर स्टेशन के विकास के ऐतिहासिक सफर को दर्शाती हुई एक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रथम दिन 7 नवंबर को प्रदर्शनी का अवलोकन करने मुख्य अतिथि के रूप में अर्जुन राम मेघवाल, माननीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व संसदीय कार्य राज्यमंत्री, भारत सरकार , बीकानेर स्टेशन आयेंगे। जेठानंद व्यास, सांसद बीकानेर (पश्चिम) विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। साथ ही अमिताभ, महाप्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे, रेलवे के कई उच्च अधिकारीगण तथा जनप्रतिनिधि भी सम्मिलित होंगे। स्टेशन महोत्सव में प्रदर्शनी के साथ-साथ बच्चों के लिए चित्रकला, निबंध आदि प्रतियोगिता, खेल प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रभात फेरी, स्वच्छता अभियान, स्टेशन भवन पर विशेष थीम आधारित रोशनी, स्काउट व गाइड द्वारा बैंड का प्रदर्शन आदि कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :–न.प.सु/विकास शाखा/2025/7431 दिनांक :– 28.10.2025

**निविदा सूचना 2025**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यो के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से निविदा दिनांक 07.11.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रतियां दिनांक 07.11.2025 को दोपहर 1:00 बजे तक विकय की जावेगी प्राप्त निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जावेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड कमांक– DLB2526WSOB23039 कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ

राज.संवाद/सी/25/13136

# राहुल गांधी लेकर आए हाइड्रोजन बम : हरियाणा में कैसे हारे चल गया पता : टीकाराम जूली

### टीकाराम जूली और प्रतिपक्ष उप नेता रामकेश मीणा ने अजमेर में इंदिरा देवी को श्रद्धांजलि दी

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कास.)।** राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली और प्रतिपक्ष के उप नेता रामकेश मीणा बुधवार को अजमेर में रामनगर स्थित स्पीकर वासुदेव देवनानी के घर पर गए और इंदिरा देवी की फोटो पर पुष्प अर्पित करके उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और दोनों नेताओं ने मौके पर मौजूद वासुदेव देवनानी को सांत्वना दी जूली ने देवनानी के परिजनों से भी बातचीत की और परिजनों को सांत्वना प्रदान की उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों जयपुर में वासुदेव देवनानी के सरकारी आवास पर उनकी पत्नी अचानक बेहोश हो गई थी जिन्हें जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां पर 5 दिन तक डॉक्टरों की एक स्पेशल टीम की ओर से उनका उपचार भी किया गया लेकिन आखिरकार उपचार के दौरान ही उनका निधन हो गया था। देवनानी के आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा कि राहुल गांधी ने दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके एक नया हाइड्रोजन बम लेकर आए हैं उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने वोट चोरी के मामले का खुलासा करके यह बताने का प्रयास किया है कि संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बनाकर किस तरह से उनका दुरुपयोग किया जा रहा है उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अब हरियाणा में वोट चोरी के मामले का खुलासा किया और यह बताया कि एक विदेशी महिला का किस तरह से मतदाता सूची में नाम शामिल किया इसके अलावा और भी कई तथ्यों को उन्होंने उजागर किया है अब इस बात का पता लगाया जा रहा है कि गत हरियाणा के विधानसभा चुनाव में आखिर कांग्रेस 22000 वोट से हारी तो कैसे हारी एक अन्य सवाल के जवाब में टीकाराम जूली ने कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बन रही है वहां पर महा गठबंधन का जोरदार माहौल बना हुआ है तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में आगे कर दिए गए हैं सभी नेता पूरी ताकत से चुनाव प्रचार कर रहे हैं इसलिए वहां पर महागठबंधन की सरकार बनना तय है।

एक अन्य सवाल के जवाब में टीकाराम जूली ने कहा कि अंता विधानसभा सीट पर सत्ता और संगठन दोनों हर दाव पेच अपना कर अपने कैंडिडेट को जीतने का भरसक प्रयास कर रहे हैं लेकिन उनके यह प्रयास सफल नहीं होंगे क्योंकि अंता विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने पिछले विधानसभा चुनाव में ही भाजपा को मत देकर देख लिया कि किस तरह से उनके कैंडिडेट जनता के हितों के साथ खिलवाड़ करते हैं अंता क्षेत्र के लोगों को अब अपनी गलती का एहसास हो गया है और वह अपनी पिछली गलती को सुधार करके अपने पूर्व के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि प्रमोद जैन भाया को ही टिकट देकर उन्हें फिर से स्थान विधानसभा में भेजेंगे। जूली ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री सिर्फ भाषण में झूठ आंकड़ों और झूठे दावों का जिक्र करके खुद की पीठ खुद थपथपा लेते हैं हकीकत तो यह है कि प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज दिखती ही नहीं है सारे काम दिल्ली से पर्ची से हो रहे हैं जैसे दिल्ली से पर्ची आ जाती है वैसा ही यहां पर काम होता है प्रदेश की जनता को भगवान भरोसे छोड़ रखा है।

## अशोक गहलोत और टीकाराम जूली आज अंता में प्रमोद जैन भाया का करेंगे प्रचार

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास.)।** विधानसभा उपचुनाव की तारीख नजदीक आते ही कांग्रेस पार्टी के सभी बड़े नेताओं की निगाह अंता विधानसभा सीट पर टिक गई है पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस पार्टी के कई बड़े नेताओं ने यहां कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया के समर्थन में चुनाव प्रचार किया उसके बाद कांग्रेस प्रत्याशी के चुनाव प्रचार को गति भी मिली है बुधवार को सचिन पायलट ने यहां विशाल रोड शो का आयोजन किया तो आज गुरुवार को प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली चुनाव प्रचार के लिए आ रहे हैं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के भी आज चुनाव प्रचार के लिए आने की चर्चाएं हैं हालांकि खबर लेकर जाने तक गहलोत के यहां गुरुवार को चुनाव प्रचार के लिए आने की पार्टी स्तर पर अधिकृत सूचना जारी नहीं की गई थी लेकिन कहा जा रहा है कि आज अशोक गहलोत यहां चुनाव प्रचार के लिए आ सकते हैं अशोक गहलोत बिहार में कांग्रेस पार्टी के मुख्य चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त हैं बिहार में गहलोत को बड़ी जिम्मेदारी मिली हुई है बुधवार को बिहार में पहले चरण के चुनाव में वोट डाले गए अब बिहार में दूसरे चरण के वोट डाले जाएंगे इसलिए गहलोत कोथोड़ा समय अंता विधानसभा सीट के प्रचार के लिए मिल गया है इसलिए आज गहलोत अंता विधानसभा सीट पर प्रमोद जैन भाया का प्रचार करने के लिए आ सकते हैं इस तरह की जानकारी कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं की ओर से भी दी जा रही है हालांकि अशोक गहलोत और सचिन पायलट दोनों ही नेताओं को बिहार के दूसरे चरण के चुनाव में कांग्रेस पार्टी का स्टार प्रचारक बनाया गया है बिहार चुनाव को कांग्रेस पार्टी काफी गंभीरता से ले रही है क्योंकि अंता विधानसभा सीट पर अगर कांग्रेस पार्टी जीत भी जाती है तो यहां प्रदेश की भजनलाल सरकार को कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है इसलिए कांग्रेस पार्टी के दिल्ली में बैठे नेताओं की निगाह बिहार विधानसभा चुनाव पर ज्यादा टिकी हुई है यही वजह है कि अशोक गहलोत इस सीट पर अभी तक चुनाव प्रचार के लिए अपनी उपस्थिति नहीं दिखा पाए लेकिन आज उनके यहां चुनाव प्रचार के लिए आने की संभावना है। जानकार लोगों का कहना है कि अंता विधानसभा सीट पर माली समाज के मतदाताओं की संख्या सबसे ज्यादा है इसलिए अगर यहां पर अशोक गहलोत चुनाव प्रचार के लिए आते हैं तो माली समाज के मतदाताओं में कांग्रेस पार्टी सेंध मार सकती है गहलोत वैसे भी राजस्थान की राजनीति के जादूगर माने जाते हैं और राजस्थान के तीन बार मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं इसलिए उनके यहां आने से निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी के प्रचार को जोरदार गति मिलेगी तो दूसरी तरफ टीकाराम जूली दलित समाज से आते हैं यहां पर दलित समाज के मतदाताओं की संख्या भी काफी है इसलिए जूली को दलित मतदाता बहुल इलाकों में ही चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी देने की रणनीति तैयार की गई है इसलिए टीकाराम जूली भी यहां पर कुछ दिन रहकर प्रमोद जैन भाया का प्रचार प्रसार आज से करेंगे।

## प्रदेश में 302 सरकारी स्कूल मर्ज होगी, 109 स्कूल में जीरो स्टूडेंट : मदन दिलावर

### पंचायत राज विभाग शिक्षा विभाग को संस्कृत शिक्षा विभाग में सभी दफ्तरों में वंदे मातरम और राष्ट्रगान 7 नवंबर से अनिवार्य, शिक्षा विभाग में 50000 अधिकारी और कर्मचारियों के हुए प्रमोशन, 21000 अधिकारी और कर्मचारियों के और करेंगे प्रमोशन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास.)।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रदेश में 302 सरकारी स्कूलों को मर्ज किया जाएगा जिनमें 155 उच्च माध्यमिक और 157 प्राथमिक स्कूल हैं उन्होंने कहा कि मर्ज किया जा रहे स्कूलों में 109 स्कूल ऐसे हैं जिनमें एक भी विद्यार्थी नहीं है उन्होंने कहा कि पिछली गहलोत सरकार ने बिना मापदंड के ही स्कूल खोल दिए खोल दिए पिछली सरकार के गलत निर्णय और फैसले की वजह से प्रदेश में शिक्षा विभाग का बंटाधार हो गया था लेकिन प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के साथ ही शिक्षा विभाग में कई बड़े नवाचार और बदलाव किए गए हैं जिनके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं उन्होंने कहा कि जिन प्राथमिक स्कूलों में ज्यादा से ज्यादा पांच विद्यार्थी हैं उन्हें मर्ज किया जा रहा है और जिन उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 25 ज्यादा से ज्यादा स्टूडेंट हैं उन्हें मर्ज किया जा रहा है।

मदन दिलावर ने कहा कि वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर 7 नवंबर से प्रदेश के शिक्षा विभाग पंचायत राज विभाग और संस्कृत शिक्षा विभाग में वंदे मातरम और राष्ट्रगान गीत को अनिवार्य कर दिया गया है इन सभी डिपार्मेंटों में डिपार्मेंट के समय ही वंदे मातरम और राष्ट्रगान का आयोजन होगा सभी सरकारी दफ्तर में ऑफिस खुलने के समय वंदे मातरम और ऑफिस बंद होने के समय राष्ट्रगान का गायन अनिवार्य किया गया है इसके लिए सरकारी आदेश जारी कर दिए गए हैं यह वंदे मातरम और राष्ट्रगान का गायन नियमित रूप से अनंत काल तक होगा।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि नीरजा मोदी में बालिका के आत्महत्या के मामले में सरकार की ओर से गठित की गई कमेटी की ओर से जांच तेजी से की जा रही है अभी कमेटी की ओर से रिपोर्ट नहीं सौंप गई है कमेटी की ओर से रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद कमेटी की सिफारिश के आधार पर सरकार नियमों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करेगी दिलावर ने जानकारी देते हुए बताया कि बीकानेर में राजकीय बालिका सैनिक विद्यालय का शिलान्यास कर दिया गया है इसी तरह से सीकर में भी बालिका सैनिक स्कूल में अगले शैक्षणिक सत्र से नियमित रूप से विद्यालय शुरू हो जाएगा इससे पहले इस विद्यालय में छात्राओं के प्रवेश की प्रक्रिया शुरू की जाएगी उन्होंने बताया कि अभी समुचित भवन का अभाव है प्रदेश में अन्य जगहों पर भी बालिका सैनिक विद्यालय खोले जाएंगे अजमेर भरतपुर में भी खोले जाएंगे लेकिन समुचित भवन उपलब्ध नहीं होने की वजह से फिलहाल नहीं खोले जा रहे लेकिन बहुत जल्दी ही प्रदेश में कई जगहों पर सैनिक बालिका विद्यालय खोले जाएंगे उन्होंने कहा कि बीकानेर और सीकर में सैनिक बालिका विद्यालय में मिलिट्री से रिटायर्ड अधिकारी को प्रधानाचार्य और छात्रावास अधीक्षक के पद पर नियुक्त किया जाएगा। मदन दिलावर ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार के गठन के बाद से लेकर अब तक शिक्षा विभाग में 50000 अधिकारी और कर्मचारियों के प्रमोशन किए गए हैं और आने वाले दिनों में 21000 अधिकारी और कर्मचारियों के प्रमोशन किए जाएंगे।

## राज्य क्रिकेट संघ के टकराव से रणजी ट्रॉफी से बाहर हो सकती है राजस्थान की टीम

### राजस्थान की क्रिकेट राजनीति का अखाड़ा बनी, प्रदेश की क्रिकेट और क्रिकेटरों का भविष्य खतरे में

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)।** राज्य क्रिकेट संघ में ही नहीं बल्कि बल्कि जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी में भी आपस में टकराव के हालात बने हुए है जिसकी वजह से प्रदेश के होनहार क्रिकेटर और प्रदेश की क्रिकेट को काफी नुकसान हो रहा है प्रदेश के क्रिकेटरों में असमंजस की स्थिति बन गई है जिस तरह से राज्य क्रिकेट संघ के पदाधिकारी के बीच आपस में चल रही खींचतान की वजह से रणजी ट्रॉफी की दो टीम घोषित की गई है और अब 8 नवंबर को रणजी ट्रॉफी में राजस्थान का दूसरा मुकाबला होने वाला है इस स्थिति में कौन सी टीम अगला मुकाबला खेलेगी यह अभी कहना मुश्किल है इसलिए अलग-अलग टीमों की घोषणा होने से खिलाड़ियों में भी असमंजस का भाव बना हुआ है कुल मिलाकर राजस्थान की क्रिकेट और क्रिकेटर इस समय बुरे दौर से गुजर रहे हैं एक तरफ देश की महत्वपूर्ण रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है तो दूसरी तरफ राज्य क्रिकेट संघ के टकराव की वजह से रणजी ट्रॉफी के मैच के लिए दो टीमों का सिलेक्शन होना भारत की क्रिकेट में हास्य पद स्थिति को दिखा रहा है। अब चर्चा यह भी है कि इस मामले में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड हस्तक्षेप कर सकता है और हो सकता है राजस्थान की टीम को रणजी ट्रॉफी से बाहर भी कर दिया जाए क्योंकि राज्य क्रिकेट संघ की तदर्थ कमेटी के कन्वीनर डीडी कुमावत की सिलेक्शन कमिटी की ओर से अलग टीम की घोषणा की गई और तदर्थ कमेटी के चार-चार सदस्यों की ओर से अलग टीम की घोषणा की गई उससे इन दो टीमों में से कौन सी टीम 8 नवंबर को रणजी ट्रॉफी का मुकाबला खेलेगी यह भारत के खेल जगत में हास्य पद बन गयाहै ।पिछले कुछ महीनो से राज्य क्रिकेट संघ की तदर्थ कमेटी के कन्वीनर डीडी कुमावत के खिलाफ तदर्थ कमेटी के बाकी चार सदस्यों ने मोर्चा खोला हुआ है तदर्थ कमेटी दो ग्रुप में बट गई है जिसकी वजह से प्रदेश के क्रिकेट जगत में एक अलग बवाल मचा हुआ है इस बवाल से प्रदेश के होनहार क्रिकेटरों का सबसे ज्यादा नुकसान हो रहा है । जानकार लोगों का कहना है कि प्रदेश की क्रिकेट में ललित मोदी के आगमन के बाद प्रदेश के क्रिकेट और क्रिकेटरों का काफी तेजी से विकास हुआ था एक तरफ जहां आईपीएल प्रतियोगिताओं का आयोजन होने लगा था तो दूसरी तरफ कई अंतरराष्ट्रीय मचों का भी जयपुर में आयोजन हुआ लेकिन जब से ललित मोदी की राजस्थान क्रिकेट से विदाई हुई है तब से ही राजस्थान की क्रिकेट राजनीति का अखाड़ा बन गई है बड़े-बड़े राजनेता और उनके परिजन राज्य क्रिकेट संघ और जिला क्रिकेट संघ पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए हैं जिसकी वजह से राज्य क्रिकेट संघ का भी राजनीतिकरण हो गया है उसी का नतीजा है कि रणजी ट्रॉफी मैच के लिए दो टीमों की घोषणा हुई और अब ऐसा दिखता है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड रणजी ट्रॉफी से राजस्थान की टीम को बाहर कर सकता है अगर ऐसा होता है तो इसके जिम्मेदार राज्य क्रिकेट संघ और जिला क्रिकेट संघ ही होंगे।

## राहुल गांधी के सेना और निर्वाचन आयोग पर दिए बयान राष्ट्रीय विरोधी : मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने राहुल गांधी द्वारा दिए गए सेना विरोधी बयान और चुनाव आयोग पर लगाए गए बेबुनियाद आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब 55 वर्ष का युवा दिशाहीन होकर बिना सोचे-समझे अनर्गल बयान देने लगता है तब उसकी कीमत राष्ट्र को चुकानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि जब भी कोई चुनाव आता है कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी देशविरोधी टूलकिट के सहारे संविधान न्यायपालिका चुनाव आयोग और सेना जैसे राष्ट्रीय संस्थानों को निशाना बनाते हैं। देश में अराजकता कैसे फैलाई जाए लोगों में भ्रम कैसे पैदा किया जाए और लोकतंत्र व संविधान पर चोट कैसे की जाए ? यही कांग्रेस की सोची-समझी रणनीति बन चुकी है। राठौड़ ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं ने चुनाव आयोग पर जो आरोप लगाए हैं वे झूठे और निराधार हैं। इन आरोपों में न तो कोई तथ्य है और न ही कोई दम। अगर किसी को संदेह है तो उसे न्यायपालिका का सहारा लेना चाहिए, लेकिन राहुल गांधी तथ्यहीन आरोपों के लिए पहले भी कई बार न्यायालय से फटकार खा चुके हैं। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट में अगर कोई समस्या है तो उसके संबंध में निर्वाचन आयोग को सबूतों के साथ शिकायत करनी चाहिए। लेकिन जैसा कि वह पहले स्वयं स्वीकार कर चुके हैं कि उनका काम देश के लोकतंत्र को बचाना नहीं है स्पष्ट है कि उनका काम देश के लोकतंत्र को तोड़ना है। और इसके लिए वह निरंतर प्रयास करते रहते हैं। देश के लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए वह विदेशी ताकतों के साथ शामिल हैं। दो महीने विदेश में रहने के बाद लौटकर विदेशी धरती से लाया हुआ ज्ञान यहां उपयोग कर रहे हैं। बिहार चुनाव से पहले इस तरह के झूठे आरोप लगाना उनकी हार की हताशा को दर्शाता है। जब उन्हें पता है कि बिहार में कांग्रेस और महागठबंधन की करारी हार तय है तभी वह विदेशी महिलाओं के नाम पर वोटिंग लिस्ट में गड़बड़ी जैसे राजनीतिक हथकंडे अपना रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह पहला अवसर नहीं है जब राहुल गांधी ने सेना का अपमान किया हो। चाहे सर्जिकल स्ट्राइक हो एयर स्ट्राइक हो या ऑपरेशन सिंदूर हर बार उन्होंने हमारे सैनिकों के मनोबल को तोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति पर चलते हुए जाति धर्म और क्षेत्र के नाम पर लोगों को बांटने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन वे यह भूल जाते हैं कि भारत के लोग राष्ट्रप्रथम के भाव से प्रेरित हैं। राठौड़ ने कहा कि इस बार बिहार चुनाव के परिणाम राहुल गांधी को कड़ा संदेश देंगे। भारत की जनता ऐसे देशविरोधी बयानों का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देगी।

# लापता हुई आम सहमति की राजनीति



*क्या एसआइआर के दूसरे चरण का विरोध इसलिए हो रहा है, क्योंकि इन आरोपों में कुछ सत्यांश है कि इसे भाजपा के इशारे पर किया जा रहा है? यदि ऐसा होता तो सुप्रीम कोर्ट इस ओर संकेत ही नहीं करता, उस पर रोक भी लगा देता। एसआइआर का विरोध इस मानसिकता के तहत हो रहा है कि मोदी सरकार के साथ केंद्रीय संस्थाओं की ओर से जो कुछ भी किया जाता है, वह अनुचित-अवैधानिक ही होता है। इसी कारण मोदी सरकार के हर फैसले और यहां तक कि संसद से पारित होकर कानून बनने वाले विधेयकों का विरोध किया जाता है और उन्हें सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाती है। इस सिलसिले के थमने के कोई आसार नहीं, क्योंकि सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच की आम सहमति की उस राजनीति का पूरी तरह लोप हो गया है, जो एक समय भारतीय राजनीति का प्रमुख अवयव थी। इसके चलते राष्ट्रीय महत्व के कुछ मुद्दों पर पक्ष और विपक्ष की ओर से आम सहमति की राजनीति पर चलने की बातें की जाती*

चुनाव आयोग की ओर से कल से नौ राज्यों और तीन केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर शुरू कर दिया गया। इसी के साथ उसके विरोध में उठी आवाजें मुखर होनी शुरू हो गईं। तमिलनाडु की स्टालिन सरकार इस प्रक्रिया के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। आने वाले समय में कुछ और लोग एसआइआर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाते दिख सकते हैं। इनमें केरल और पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ नेताओं के साथ स्वयं को लोकतंत्र का प्रहरी कहने वाले लोग भी हो सकते हैं। हालांकि बिहार में एसआइआर के विरोध में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने वालों को मुंह की खानी पड़ी। तमाम दलीलों एवं दुष्प्रचार के बावजूद ऐसे लोग सुप्रीम कोर्ट के समक्ष यह सिद्ध नहीं कर सके कि बिहार में एसआइआर के नाम पर कुछ खास वोटरों के नाम इस इरादे से काटे जा रहे हैं कि भाजपा को चुनावी लाभ मिल सके। विपक्षी दलों और उनके समर्थकों की ओर से एसआइआर के विरोध में आशंकाएं तो अनगिनत जताई गईं, लेकिन वे सुप्रीम कोर्ट के समक्ष निराधार साबित हुईं। इसी कारण एसआइआर बिहार में मुद्दा नहीं बन सका। इसके बाद भी तमिलनाडु, केरल और बंगाल जैसे गैर-भाजपा शासित राज्यों में उसका विरोध हो रहा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तो उसके खिलाफ विरोध मार्च निकाल दिया। क्या एसआइआर के दूसरे चरण का विरोध इसलिए हो रहा है, क्योंकि इन आरोपों में कुछ सत्यांश है कि इसे भाजपा के इशारे पर किया जा रहा है? यदि ऐसा होता तो सुप्रीम कोर्ट इस ओर संकेत ही नहीं करता, उस पर रोक भी लगा देता। एसआइआर का विरोध इस मानसिकता के तहत हो रहा है कि मोदी सरकार के साथ केंद्रीय संस्थाओं की ओर से जो कुछ भी किया जाता है, वह अनुचित-अवैधानिक ही होता है। इसी कारण मोदी सरकार के हर फैसले और यहां तक कि संसद से पारित होकर कानून बनने वाले विधेयकों का विरोध किया जाता है और उन्हें सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाती है। इस सिलसिले के थमने के कोई आसार नहीं, क्योंकि सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच की आम सहमति की उस राजनीति का पूरी तरह लोप हो गया है, जो एक समय भारतीय राजनीति का प्रमुख अवयव थी। इसके चलते राष्ट्रीय महत्व के कुछ मुद्दों पर पक्ष और विपक्ष की ओर से आम सहमति की राजनीति पर चलने की बातें की जाती थीं। आज तो आम सहमति की राजनीति जैसा शब्द भी करीब-करीब प्रचलन से बाहर हो चुका है। इसका स्थान विरोध के लिए विरोध की राजनीति ने ले लिया है। एसआइआर का विरोध इसी राजनीति के तहत हो रहा है। यह राजनीति इतनी अधिक हावी हो गई है कि कई बार विरोधी दलों की सरकारें केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को भी लागू करने में आनाकानी करती हैं। बंगाल ने अविकसित जिलों के विकास की केंद्र की योजना लागू नहीं की है और दिल्ली में आयुष्मान योजना तब लागू हो पाई, जब आम आदमी पार्टी सत्ता से बाहर हो गई। जब वह दिल्ली की सत्ता में थी तो उसने पीएमश्री योजना में शामिल होने से इन्कार कर दिया था। इन्कार करने वालों में पंजाब और बंगाल भी थे। स्कूलों को उन्नत करने वाली केंद्र की इस योजना में शामिल होने के अपने फैसले को पिछले दिनों केरल सरकार ने ठंडे बस्ते में डाल दिया, क्योंकि सरकार में शामिल भाकपा को यह रास नहीं आया। इसकी भी अनदेखी न की जाए कि कई राज्यों ने नई शिक्षा नीति को अपनाने के बजाय उसे खारिज करने का फैसला किया है। अब उन मुद्दों पर भी आम सहमति की राजनीति करने की कोशिश होती भी नहीं दिखती, जिन पर यह माना जाता था कि वे पक्ष-विपक्ष के नहीं, देश के मुद्दे होते हैं। उदाहरणस्वरूप विदेश और रक्षा नीति के कुछ बड़े मसलों पर आम सहमति की राजनीति अपनाई जाती थी। अब इनसे जुड़े मामलों पर ऐसा नहीं होता। आपरेशन सिंदूर के दौरान चंद दिन के लिए ही पक्ष-विपक्ष एकजुट दिखा, लेकिन यह सैन्य अभियान स्थगित होते ही दोनों पक्ष एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हो गए। कुछ विपक्षी नेताओं ने सरकार के साथ सेना पर भी निशाना साधने में संकोच नहीं किया। ऐसा ही गलवन घाटी में चीनी सैनिकों से खूनी झड़प के समय भी देखने को मिला था। राहुल गांधी यह दोहराते ही रहते हैं कि मोदी चीनी राष्ट्रपति और अमेरिकी राष्ट्रपति से डरते हैं। मोदी जब एससीओ सम्मेलन में भाग लेने चीन गए तो विपक्ष ने सवाल उठाए। हाल में जब तालिबान विदेश मंत्री भारत आए तो सरकार की अफगान नीति को सवालों के घेरे में खड़ा किया गया। अभी यह स्पष्ट नहीं कि अमेरिका से व्यापार समझौता कब होगा, पर यह साफ है कि वह जब भी होगा, तब विपक्ष उसे लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा करेगा। इसके प्रति सुनिश्चित हुआ जा सकता है कि जब भी यह समझौता होगा, कम से कम कांग्रेस की ओर से यह अवश्य कहा जाएगा कि मोदी ने ट्रंप के समक्ष समर्पण कर दिया। जब विदेश और रक्षा नीति से जुड़े विषय भी दलगत राजनीतिक मतभेदों की भेंट चढ़ जा रहे हों, तब फिर इसकी कल्पना नहीं की जा सकती कि राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय महत्व के अन्य विषयों पर एकजुटता या आम सहमति देखने को मिल सकती है।

## सम्पादकीय

### शराब-नकदी की बरामदगी हर चुनाव में क्यों दोहराई जाती है?



निर्वाचन आयोग ऐसी ठोस व्यवस्था क्यों नहीं कर सका है, जिससे कोई भी दल या उसके उम्मीदवार चुनावी रिश्वत के रूप में पैसे, शराब, मादक पदार्थ या फिर कोई वस्तु देकर मतदाताओं को लुभाने की कोशिश न करे। देश भर में जब भी लोकसभा या किसी राज्य की विधानसभा के लिए चुनाव की घोषणा होती है, तो आचार संहिता लागू होने के बाद अमूमन हर राज्य से निर्वाचन आयोग की ओर से चलाए गए अभियान के तहत भारी मात्रा में शराब, अवैध नकद राशि, मादक पदार्थ आदि की जब्ती की खबरें आती हैं। दरअसल, इस अभियान का मकसद यह होता है कि मतदाताओं के बीच नकदी या शराब आदि बांट कर मतदान की प्रक्रिया को किसी खास दल या उम्मीदवार के प्रलोभन में आकर प्रभावित होने से रोका जाए। आदर्श और सिद्धांत रूप में निर्वाचन आयोग की यह कवायद लोकतंत्र की मजबूती को कायम रखने का अभियान है। मगर सवाल है कि बहुत लंबे समय से और लगभग हर चुनाव के पहले इस तरह के अभियान में भारी मात्रा में अवैध वस्तुओं और पैसों की जब्ती के बावजूद अब तक इस चलन पर रोक क्यों नहीं लगाई जा सकी है। निर्वाचन आयोग ऐसी ठोस व्यवस्था क्यों नहीं कर सका है, जिससे कोई भी दल या उसके उम्मीदवार चुनावी रिश्वत के रूप में पैसे, शराब, मादक पदार्थ या फिर कोई वस्तु देकर मतदाताओं को लुभाने की कोशिश न करे। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कल पहले चरण का मतदान है। उससे पहले चुनाव आयोग ने जिस तरह अपने अभियान के तहत अवैध सामान और नकदी की जब्ती की खबर दी है, उससे साफ है कि बिहार की चुनाव प्रक्रिया को स्वस्थ मतदान के बजाय अन्य कारकों से प्रभावित करने की कोशिश हो रही है। आयोग की एक रपट के मुताबिक, बिहार में अब तक 9.62 करोड़ रुपए नकद, 42.14 करोड़ रुपए मूल्य की शराब, 24.61 करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ, करीब छह करोड़ रुपए की कीमती धातुएं और इसके अलावा 26 करोड़ रुपए से अधिक की मुफ्त बांटी जाने वाली अन्य वस्तुएं जब्त की गई हैं। यह कोई छिपी बात नहीं है कि कुछ दल या उम्मीदवार जब इससे आशंकित होते हैं कि लोगों के बीच उनका पर्याप्त समर्थन नहीं है और वे चुनाव हार सकते हैं, तब वे मतदाताओं को रिझाने के लिए गैरकानूनी तरीके से नकदी, शराब या अन्य मादक पदार्थ मुफ्त बांटने का सहारा लेते हैं। जाहिर है, ऐसी कवायदें स्वच्छ और स्वतंत्र मतदान को प्रभावित करके लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने की कोशिश हैं। चुनाव आयोग की ओर से इस तरह की हरकतों के खिलाफ अभियान तो चलाए जाते हैं और बड़े पैमाने पर अवैध राशि और सामान की जब्ती की जाती है, कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया जाता है। मगर आम लोगों तक यह खबर शायद कभी नहीं पहुंच पाती है कि व्यापक स्तर पर जब्ती के बाद आयोग ने उसके वास्तविक आरोपियों को कानून के कठघरे में खड़ा कराया या नहीं, उसके खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई हुई या नहीं। हर बार केवल अवैध सामग्री की जब्ती और कुछ निचले स्तर के कार्यकर्ताओं को पकड़े जाने तथा उन्हें संचालित करने वाले बड़े नेताओं को बख्श दिए जाने का ही नतीजा है कि चुनावों के दौरान मतदाताओं को गलत तरीके से अपने पक्ष में करने के लिए गैरकानूनी हरकतों का सहारा लिया जाता है। बिहार में जब्ती के संदर्भ में आयोग को सरकार से भी यह पूछना चाहिए कि शराबबंदी वाले राज्य में अवैध तरीके से इतने बड़े पैमाने पर शराब बांटने की कोशिश कैसे चल रही थी।


## नीतीश के लिए निर्णायक बने रहने की चुनौती



कुछ दिन पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चुनावी सभा में यह एलान किया कि बिहार में मुख्यमंत्री की कुर्सी पर फिलहाल अभी कोई 'वैकेंसी' नहीं है। उनका यह बयान मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार को समर्थन के रूप में देखा गया। हालांकि उससे कुछ दिन पहले शाह ने ही कहा था कि मुख्यमंत्री के नाम पर निर्णय नतीजों के बाद होगा। स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री को लेकर राजग की सहयोगी भाजपा में ऊहापोह की स्थिति है, लेकिन यह भी सच है कि नीतीश कुमार ही पूरी चुनावी चर्चा के केंद्र में हैं। बिहार के राजनीतिक परिदृश्य पर अभी नीतीश कुमार की जदयू तीसरे नंबर पर, लेकिन राज्य की जटिल राजनीति में नीतीश का महत्व इसी से समझा जा सकता है कि 2005 के बाद से उसके बिना राज्य में कोई सरकार नहीं बन पाई। बिहार के सामाजिक-राजनीतिक समीकरणों का संकेत यही है कि शायद इस चुनाव के बाद भी जदयू के बिना नई सरकार नहीं बन पाएगी। विधानसभा में तीसरे स्थान पर पहुंच जाने के बावजूद अगर कोई दल यह कहे कि उसका नेता सत्ता के खेल में इतना अपरिहार्य बना रहता है तो जाहिर है कि वह राज्य की राजनीति में बड़ा ब्रांड बन चुका है। यह ब्रांड अचानक नहीं बन गया। लालू-राबड़ी राजनीति से असहज जार्ज फर्नांडिस सरीखे समाजवादी नेताओं ने बिहार के सामाजिक समीकरण को ध्यान में रखते हुए यह ब्रांड गढ़ा। मंडल-कमंडल के बीच राजनीतिक ध्रुवीकरण के मद्देनजर लालू के इर्दगिर्द गोलबंद ओबीसी और अल्पसंख्यक वोट बैंक में सेंध लगाए बिना ऐसे ब्रांड की स्वीकार्यता नहीं बन सकती थी। उत्तर प्रदेश की तरह बिहार भी अहसास करने लगा था कि सामाजिक न्याय की मलाई चंद दबंग और प्रभावशाली जातियां ही चट कर रही हैं। इसीलिए ईबीसी का नया वोट बैंक तैयार किया गया। कुर्मी समुदाय के साफ छवि वाले शिक्षित नेता नीतीश कुमार को उसका चेहरा बनाया गया। जनता दल में विभाजन कर अलग समता पार्टी बनाई गई, जिसने भाजपा से गठबंधन किया। लंबे संघर्ष के बाद 2005 में यही बिहार में बदलाव का ब्रांड बनकर उभरा। बेशक ब्रांड नीतीश के शिल्पकार जार्ज थे, लेकिन मार्केटिंग भाजपा ने भी जमकर की। कारण वही कि सामाजिक न्याय के प्रतीकों में से ही किसी एक को आगे किए बिना लालू-राबड़ी राज से बिहार की मुक्ति संभव नहीं थी। नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद ओबीसी में भाजपा की स्वीकार्यता बढ़ी है, पर उससे पहले तक बिहार में वह अगड़ों की पार्टी मानी जाती थी, जिससे अल्पसंख्यकों की दूरियां भी जगजाहिर हैं। भाजपा का गणित यही था कि नीतीश के जरिये लालू के ओबीसी-अल्पसंख्यक वोट बैंक में सेंध लगाए बिना बिहार में न तो बदलाव संभव है और न ही उसका भविष्य। लालू-राबड़ी के जंगलराज का चुनावी नारा भी उस बदलाव की हवा में बेहद कारगर साबित हुआ। नई पीढ़ी को लालू-राबड़ी का जंगलराज याद दिलाना पड़ता है, जबकि नीतीश के शासन के सभी प्रत्यक्षदर्शी हैं। जदयू और भाजपा बिहार की राजनीति में एक-दूसरे के पूरक बने। बेशक इसका शुरुआती लाभ नीतीश को ही मिला और वे बदलाव की राजनीति के नायक बनकर एक बड़ा ब्रांड बन गए। इसका एक बड़ा कारण भाजपा में किसी व्यापक सामाजिक स्वीकार्यता वाले चेहरे का अभाव भी रहा। इधर भाजपा भी पिछले 20 वर्षों के दौरान राज्य में अपना जनाधार बढ़ाने में सफल रही है। विधानसभा में सीटें और चुनाव में मत-प्रतिशत इसका प्रमाण है, लेकिन ब्रांड नीतीश के आसपास वह अपना कोई चेहरा स्थापित नहीं कर पाई। नीतीश के समक्ष लालू-राबड़ी की राजनीति के प्रतिनिधि अब तेजस्वी यादव हैं। वे अपना परंपरागत 'एम-वाइ' यानी मुस्लिम-यादव वोट बैंक तो काफी हद तक बचाए रखने में सफल रहे, लेकिन ब्रांड नीतीश के जरिये हुई सेंधमारी की भरपाई नहीं कर पाए। बिहार का यही जमीनी सामाजिक-राजनीतिक गणित दो दशक बाद भी ब्रांड नीतीश की सबसे बड़ी ताकत है। इसके बल पर वे चुनावी राजनीति में न सिर्फ जरूरी, बल्कि दोनों बड़े दलों के लिए सत्ता की मजबूरी भी बने हुए हैं। हालांकि विकास के वादों और दावों के आईने में बिहार कहां खड़ा है, इस सवाल का जवाब अब जनता नीतीश से चाहती है। वैसे नीतीश एक नहीं, दो बार पाला बदल कर दोनों गठबंधनों में सरकार का नेतृत्व कर चुके हैं। इसलिए कोई भी उन पर सीधा हमला नहीं बोलता, क्योंकि सरकार में भागीदार तो वे स्वयं भी रहे। नीतीश से भी ज्यादा समय मुख्यमंत्री रहने के रिकार्ड बताते हैं कि अगर सरकार जन आकांक्षाओं पर खरी उतरे तो सत्ता विरोधी भावना अपरिहार्य नहीं है, लेकिन जदयू का गिरता चुनावी ग्राफ कुछ और इशारा कर रहा है। 2020 के विधानसभा चुनाव में जदयू मात्र 43 सीटों पर सिमट गई।

## अंडमान-निकोबार में शरद पवार का 'हर-हर महादेव' से हुआ स्वागत

**रक्षा मंत्री रहते हुए शरद पवार ने जब अंडमान-निकोबार गए थे, तो वहां उनका स्वागत हर-हर महादेव से हुआ था। पवार के लिए यह अनोखा अनुभव था। उन्होंने इस वाकये को अपनी आत्मकथा में भी जगह दी है। वह लिखते हैं, 'मैं वहां पर (अंडमान-निकोबार) भारतीय नौसेना के अड्डे का निरीक्षण करने गया था। जैसे ही मेरा हेलीकॉप्टर जमीन पर उतरा, 'हर-हर महादेव और क्षत्रपति शिवाजी महाराज की जय' के नारों से मेरा स्वागत हुआ। सोलहवीं सदी के योद्धा का यह नारा सुनकर कुछ आश्चर्यजनक प्रसन्नता हो रही थी।**



1991 लोकसभा चुनाव के मध्य में ही राजीव गांधी की हत्या हो गई। चुनाव जून 1991 में संपन्न हुआ। नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री बने। शरद पवार के दोस्त पी.सी. अलेक्जेंडर ने उन्हें बताया कि 'प्रधानमंत्री की इच्छा है कि आप उनके मंत्रिमंडल में रहें।' राजकमल से प्रकाशित अपनी आत्मकथा 'अपनी शर्तों पर' में शरद पवार बताते हैं कि प्रधानमंत्री और उनकी एक बैठक हुई थी, जिसमें नरसिम्हाराव ने उन्हें तीन सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण विभाग गृह, वित्त और रक्षा में से एक चुनने का प्रस्ताव दिया था। कुछ सोचने के बाद पवार ने रक्षा मंत्रालय चुना। दरअसल, पवार के आदर्श वाई.बी. चव्हाण भी रक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाल चुके थे। उन्हीं से प्रेरित होने की वजह से पवार ने रक्षा मंत्रालय चुना। रक्षा मंत्री रहते हुए शरद पवार ने जब अंडमान-निकोबार गए थे, तो वहां उनका स्वागत हर-हर महादेव से हुआ था। पवार के लिए यह अनोखा अनुभव था। उन्होंने इस वाकये को अपनी आत्मकथा में भी जगह दी है। वह लिखते हैं, 'मैं वहां पर (अंडमान-निकोबार) भारतीय नौसेना के अड्डे का निरीक्षण करने गया था। जैसे ही मेरा हेलीकॉप्टर जमीन पर उतरा, 'हर-हर महादेव और क्षत्रपति शिवाजी महाराज की जय' के नारों से मेरा स्वागत हुआ। सोलहवीं सदी के योद्धा का यह नारा सुनकर कुछ आश्चर्यजनक प्रसन्नता हो रही थी। महाराष्ट्र से इतनी दूर इलाके में मैंने ऐसे नारे नहीं सुने थे।' पवार ने जब इस बारे में थोड़ी जांच पड़ताल की तो पता चला कि ब्रिटिश शासकों ने वहां मराठा और महार रेजीमेंट के कुछ सैनिकों को भूमि आवंटित की थी। सेना से रिटायर होने के बाद वर्षों पहले वे सैनिक अपने परिवार सहित वहां बस गए। जब उन्हें शरद पवार के आने की खबर मिली तो उनमें से कुछ लोग पारम्परिक रूप से उनका स्वागत करने पहुंच गए थे। रक्षामंत्री रहते हुए शरद पवार सप्ताह में एक दिन तीनों सेना प्रमुखों के साथ एक बार भोजन करते थे। इस डिनर मीटिंग के दौरान उन्हें अनौपचारिक बातचीत में कई ताजा जानकारियां मिल जाती थीं। पवार बताते हैं,इस मीटिंग से तीनों सेना प्रमुखों को भी आपस में अच्छे संबंध विकसित करने में सहायता मिली। जब कभी भयंकर संकट का समय आता है तब इस प्रकार की एकता मददगार साबित होती है।' साल 1992 की शुरुआत में शरद पवार एक डिफेंस डील के सिलसिले में सिंगापुर गए थे। पहले तो सिंगापुर के तत्कालीन प्रधानमंत्री गो चो तांग और पवार के बीच बातचीत हुई। गो चो तांग ने पवार को सिंगापुर के रक्षामंत्री से मिलने को कहा। वहां के रक्षामंत्री ने दूसरे दिन गोल्फ कोर्स में मिलने का समय दिया। पवार कठिनाई में पड़ गया क्योंकि उन्हें गोल्फ खेलना नहीं आता है। लेकिन पवार हार नहीं माने, उन्होंने सोचा खेलना आए या न आए कोशिश तो करूंगा ही। मुलाकात के बाद पवार जब होटल वापस लौटे, तो वहां उनके लिए एक बड़ा सा गोल्फ किट बैग रखा था। इसके साथ ही प्रधानमंत्री का एक नोट भी मिला, जिस पर लिखा था, 'एक बार आप खेलना शुरू करें फिर हम बातचीत शुरू कर सकते हैं।' दिल्ली वापस आने के बाद पवार ने गोल्फ खेलना सीखा। पवार लिखते हैं, 'मेरे दामाद सदानंद और बेटी सुप्रिया इंडोनेशिया और सिंगापुर में ही कुछ वर्षों तक रहे। इसलिए इस बीच मैं कई बार सिंगापुर गया और वहां के रक्षामंत्री के साथ गोल्फ भी खेला। इस गोल्फ के खेल को खेलते हुए मुझे यह समझ में आया कि गोल्फ खेलते समय आपको काफी समय मिलता है और आप अन्य खिलाड़ियों से अलग एकांत में बात कर सकते हैं।'

# जिले में सड़क दुघर्टनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस ने शुरू किया विशेष अभियान

**यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले विशेषकर शराब पीकर, खतरनाक तरीके से, तेज गति से, ग़लत साइड में वाहन चलाने वाले एवं हाइवे सड़क पर वाहन खड़े करने वाले रहेंगे रडार पर**

**पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने जिले के सभी वृत्ताधिकारियो एवं थानाधिकारियों को अधिक से अधिक कार्रवाई करने के दिए निर्देश**

**पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में थाना सदर धौलपुर एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने हाइवे पर नाकाबंदी कर 30 वाहनों के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट एवं नो पार्किंग जोन एरिया में खड़े होने पर की नियमानुसार कार्रवाई।**



जयपुर टाईम्स

**(निस.)**जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने सख्त रुख अपनाते हुए दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए ठोस एक्शन प्लान के साथ जिले के सभी थानाधिकारियों को यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों एवं वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं, पुलिस मुख्यालय एवं महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर कैलाश विश्नोई के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के खिलाफ जिले में विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले विशेषकर शराब पीकर, खतरनाक तरीके से, तेज गति से, ग़लत साइड में वाहन चलाने वाले एवं हाइवे सड़क पर वाहन खड़े करने वाले वाहन चालक पुलिस के रडार पर है। इस अभियान के तहत प्रतिदिन थानों की पुलिस टीमें यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही किया करेगी। आज पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में थाना सदर धौलपुर एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने हाइवे पर नाकाबंदी कर 30 वाहनों के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट एवं नो पार्किंग जोन एरिया में खड़े होने पर की नियमानुसार कार्यवाही की गई है। इसके साथ ही जिले के सभी थानों की पुलिस टीमें आज शाम 5:00 बजे से रात्रि 8:00 तक नाकाबंदी कर वाहनों की सघन चेकिंग कर प्रभावी कार्रवाई कर रही है। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आमजन से भी अपील है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन किया जाना सुनिश्चित करें एवं शराब पीकर, तेज गति से एवं खतरनाक तरीके से वाहन न चलाएं। क्योंकि जीवन अनमोल है इसकी सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है।

## भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार 3 लोगों की मौत हो गई



जयपुर टाईम्स

**धौलपुर(निस.)।** जिले के मनिया में भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार 3 लोगों की मौत हो गई, हादसा नेशनल हाईवे-44 पर मनिया थाना के सामने हुआ, जब तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। थाना प्रभारी उदय चंद मीणा ने बताया कि मनोज तोमर पुत्र जंडल सिंह निवासी बुरहरु (उत्तर प्रदेश) अपनी भांजी और उसकी तीन वर्षीय बच्ची को लेकर हाथी गांव (अंबाह, मुरैना) जा रहा था। इसी दौरान मनिया थाने के सामने पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पीछे बैठी लाडो पत्नी राजा निवासी कराई, थाना रूपवास, एवं उसकी 3 वर्षीय पुत्री डंपर के पहियों के नीचे आ गई, जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाइक चालक मनोज तोमर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया गया। जहां घायल मनोज ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद डंपर चालक मौके से भाग निकला, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नाकाबंदी कर सुआ का बाग इलाके से डंपर को जप्त कर लिया। मनिया पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026-गणना प्रपत्र वितरण

जयपुर टाईम्स

**धौलपुर(निस.)।** राज्य में मंगलवार 4 नवम्बर से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गणना प्रपत्र वितरण प्रारंभ हो गया है। प्रथम दिवस यानि मंगलवार को जिले में गणना प्रपत्र बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वितरित किए गए। पहले दिन जिले में गणना प्रपत्र वितरण में प्रभावशाली रणनीति के कारण प्रभावशाली रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने जिले के मतदाताओं से अपील की है कि हर योग्य मतदाता 4 दिसंबर तक अपनी एक नवीनतम रंगीन फोटो एवं आवश्यक सूचनाओं के साथ भरा हुआ गणना प्रपत्र अपने बीएलओ को जमा करा कर स्वच्छ एवं सही मतदाता सूची निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें एवं लोकतंत्र के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करें।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर दो बीएलओ निलंबित



जयपुर टाईम्स

**धौलपुर(निस.)।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के क्रम में बीएलओ के माध्यम से वर्तमान मतदाता सूची (2025) में दर्ज मतदाताओं के नाम का गत विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2002 की मतदाता सूबी से मिलान कर, प्रविष्टियों को बीएलओ ऐप पर ऑनलाईन मैप किया जा रहा है। इस कार्य के अंतर्गत कुलदीप सिंह बूथ लेवल अधिकारी भाग संख्या 68 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र राजाखेडा के द्वारा अपने भाग संख्या के मतदाताओं की बीएलओ एप पर मैपिंग कार्य में प्रगति नगण्य होने पर पूर्व में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था लेकिन कुलदीप सिंह बीएलओ के द्वारा दिए गए नोटिस का जबाव संतोषप्रद नहीं था तथा मैपिंग कार्य में अपेक्षित प्रगति भी नहीं की गई । साथ ही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एस.डी.एम) बाड़ी के द्वारा अवगत कराया है कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बाडी की भाग संख्या 227 पर कार्यरत बीएलओ महेश मीना अध्यापक महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय हथियापौर बाडी के द्वारा गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही की जा रही है। मैपिंग का कार्य क्षेत्र में सबसे कम है। फील्ड जांच कराने पर इनके द्वारा क्षेत्र भ्रमण नहीं किया जाना पाया गया तथा रजिस्टर भी संधारित नहीं पाया गया। ईआरओ कार्यालय से नोटिस जारी करने के बावजूद भी कार्य में प्रगति नहीं की जा रही हैं। उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना एवं मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य से सम्बंधित राष्ट्रीय महत्य के कार्य में लापरवाही बरतने के कारण दोनो बीएलओ को तुरंत प्रभाव से निलम्बित किया गया है। निलम्बन काल में बीएलओ कुलदीप का मुख्यालय निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एस.डी.एम.) बसेडी कार्यालय एवं बीएलओ महेश का मुख्यालय निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एस.डी.एम.) कार्यालय राजाखेड़ा किया गया है. इनको निलम्बन काल में नियमानुसार निर्वाह भत्ता देय होगा।

## ओवरलोड बजरी से भरे डंपर ने युवक को कुचला, मौत

**फागी कोर्ट के सामने सड़क पार करते समय हादसा, लोगों ने ड्राइवर को पकड़कर पुलिस को सौंपा**

जयपुर टाईम्स



**सांगानेर(निस.)।** जयपुर भीलवाड़ा मेगा हाईवे पर एक बजरी से भरे डंपर की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा फागी कोर्ट के सामने सड़क पार करते समय हुआ। मृतक की पहचान फागी तहसील के गांव लदाना निवासी गणेश माली उम्र 26 वर्ष पुत्र जगदीश माली के रूप में हुई है। मृतक तीन भाइयों में से सबसे छोटा था। मृतक गणेश माली अपने गांव में सिलाई का काम करता था।मृतक भीलवाड़ा मेगा हाइवे रोड स्थित फागी कोर्ट के सामने पानी पीने के लिए प्याऊ पर रुकने के पश्चात् सड़क को पार करते समय बजरी के भरे डंपर ने चपेट में ले लिया। जिससे डंपर के नीचे दबने से युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि शव क्षत-विक्षत हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने डंपर चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलने पर फागी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने 108 एंबुलेंस की सहायता से शव को फागी उपजिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरो ने बॉडी का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा। पुलिस ने बजरी से भरे डंपर को जब्त कर फागी थाने ले आई है।

## सेवा और मित्रता पर चर्चा : इनर व्हील क्लब की बैठक में अहम निर्णय बिंदु गुप्ता

जयपुर टाईम्स




**धौलपुर(निस.)।** इनर व्हील क्लब, धौलपुर इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ वीमेन फॉर फ्रेंडशिप एंड सर्विस क्लब की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को भार्गव वाटिका में आयोजित की गई। इस बैठक में सेवा (सर्विस) और मित्रता (फ्रेंडशिप) के विभिन्न आयामों पर गहन चर्चा की गई और आगामी सेवा कार्यों की रूपरेखा तय की गई। प्रमुख एजेंडा और चर्चा के बिंदु क्लब की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन बिंदु गुप्ता और डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रचना शाह की उपस्थिति में हुई इस बैठक का मुख्य उद्देश्य क्लब के सेवा लक्ष्यों को और प्रभावी ढंग से लागू करने पर विचार-विमर्श करना था। चर्चा के दौरान, सदस्यों ने समाज सेवा के नए प्रोजेक्ट्स शुरू करने, महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रमों को बढ़ावा देने और जरूरतमंदों की सहायता के लिए फंड जुटाने जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। क्लब की अध्यक्ष इंद्रा जिंदल ने संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनर व्हील क्लब निरंतर महिलाओं के उत्थान और सामाजिक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सचिव रेणु भार्गव ने क्लब की पिछली गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया और आने वाले महीनों के लिए प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस महत्वपूर्ण बैठक में कोषाध्यक्ष रेणु गुप्ता, आई एस ओ आकांक्षा भार्गव, सी सी रजनी मंगल, पूर्व अध्यक्ष मीनल भार्गव और ज्योति मित्तल सहित क्लब की सक्रिय सदस्य रिया गर्ग, भावना अग्रवाल, वंदना गर्ग, आरती गर्ग, नूतन गोयल, बबली जैन, ममता गर्ग, रचना बंसल आदि उपस्थित रहीं। सभी सदस्यों ने एकजुट होकर क्लब के सेवाभाव को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

**अवैध वाहनों के खिलाफ कार्रवाई जारी**

## बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर बड़ी कार्रवाई- दो दर्जन से अधिक वाहन किए गए सीज

**10 दर्जन से अधिक वाहनों के काटे चालान**

जयपुर टाईम्स




**धौलपुर(निस.)।** जिला कलेक्टर धौलपुर श्री निधि बीटी व जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के दिशा निर्देशन में जिला परिवहन विभाग व पुलिस विभाग द्वारा की गई संयुक्त कार्रवाई में 10 दर्जन से अधिक वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि हमारे द्वारा पुलिस के सहयोग से कमर्शियल दो दर्जन से अधिक वाहनों को यातायात नियमों की पालना न करने तथा अवैध रूप से संचालन करने के लिए चालान की कार्रवाई अमल में लाई गई है। इसके अलावा 8 दर्जन वाहनों को यातायात नियमों की पालना न करने के लिए उनके खिलाफ चालान बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा 15 दिन तक निरंतर अवैध वाहनों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। जिला परिवहन विभाग की चार टीमें अवैध वाहन संचालकों के खिलाफ कार्रवाई में लगी हुई है। 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत विद्यालय की बाल वाहिनियों की संघन जांच अभियान चलाया जाएगा। विद्यालय/ महाविद्यालय स्तर पर सेमिनार का आयोजन किया जाएगा तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। अवैध रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग पर पार्किंग हो रहे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। विभाग द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक साथ की गई बड़ी कार्रवाई से ट्रक चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जिले में बिना नंबर प्लेट के कोई भी वाहन संचालित पाया जाता है तो उसके खिलाफ चालान की कार्रवाई की जाएगी और वाहन को सीज भी किया जायेगा।

## दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात सुधार के लिए सभी विभाग निभाए अपनी भूमिका : जिला कलक्टर

**जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं विशेष टास्क फोर्स की बैठक में जिला कलक्टर ने दिए निर्देश**

जयपुर टाईम्स



**धौलपुर(निस.)।** आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय करते हुए जिम्मेदारी से भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर एनएचएआई समेत सभी संबंधित विभाग किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति एवं विशेष टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। बैठक की शुरुआत में जिला कलक्टर ने कहा कि यातायात एवं सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए 4 नवम्बर से आगामी 15 दिन तक सड़क सुरक्षा अभियान प्रदेश सरकार द्वारा चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने के साथ ही दुर्घटनाओं में जनहानि को रोकने के लिए सभी संबंधित विभाग मिलकर कार्य करें। उन्होंने परिवहन और पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि बिना नंबर, बिना हेलमेट और रिफ्लेक्टर वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही करें। शराब पीकर वाहन चलाने और ओवरस्पीड के बार-बार चालान होने पर वाहन चालक का लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों को पालना सुनिश्चित करने हेतु नवाचार करते हुए आमजन को जागरूक करें। हाईवे के सर्विस रोड पर अवैध ढाबों व पार्किंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। संयुक्त दल बना कर वाहनों की जांच करना सुनिश्चित करें। उन्होंने आगामी सर्दी के मौसम में कोहरे को ध्यान में रखते हुए सड़क पर वाहन चालकों के लिए जरूरी स्थानों पर रिफलक्टर्स लगाने, सफेद लाइन सही करवाने तथा आबादी वाले इलाकों में चेतावनी बोर्ड, गति मंदक, संकेतक और रंबल स्ट्रिप्स लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय और स्टेट हाईवे पर अवैध कटों को बंद कराने तथा सड़क किनारे पेड़ और झाड़ियों की कटाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा विभाग को विशेष शिविर लगा कर 45 वर्ष से अधिक आयु के वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि अक्सर देखा गया है कि निराश्रित पशु सड़क पर बैठ जाते है। रात्रि में अंधेरे के कारण सड़कों पर बैठे आवारा पशु वाहन चालकों दिखाई नहीं देते हैं, जिस कारण जहां वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं वहीं पशु भी चोटिल हो जाते हैं। उन्होंने बेसहारा पशुओं से होने वाले हादसे रोकने को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाकर उन्हें सड़क से हटाने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि शहर में बस स्टैंड सहित अन्य जगह ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए वाहनों को वहां से कुछ आगे बढ़ाकर रोकने के के निर्देश दिए साथ ही सड़क पर खड़े ठेले और वेंडर्स को भी पीछे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग समयबद्धता और समन्वय के साथ कार्य करें। यातायात प्रबंधन में बेहतर रणनीति और तालमेल के साथ योगदान दें। बैठक के दौरान उपखंड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह,जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रोलासर पंचायत समिति सरदारशहर**

क्रमांकः- ग्रा. प./ निविदा/ 2025-26/13 दिनांक - 05-11-2025

**ई- निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत में 15वां वित्त आयोग योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य को पंचायती राज नियम 181 के तहत करवाया जाना प्रस्तावित है। जिस हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा से संबंधित शर्तें एवं निविदा प्रपत्र को वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB NO PDN2526A0204
UBN NO PDN 2526SSLB00212

**निविदा दस्तावेज जमा करवाने एवं निविदा खोलने की तिथि - 11-11-2025**

प्रशासक, ग्राम पंचायत रोलासर पंचायत समिति सरदारशहर | ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत रोलासर पंचायत समिति सरदारशहर

**कार्यालय ग्राम पंचायत रंगाईसर पंचायत समिति सरदारशहर**

क्रमांकः- ग्रा. प./ निविदा/ 2025-26/101 दिनांक - 05-11-2025

**ई- निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत में 15वां वित्त आयोग योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य को पंचायती राज नियम 181 के तहत करवाया जाना प्रस्तावित है। जिस हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा से संबंधित शर्तें एवं निविदा प्रपत्र को वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB NO PDN2526A0203
UBN NO PDN 2526WSLB00211

**निविदा दस्तावेज जमा करवाने एवं निविदा खोलने की तिथि - 11-11-2025**

प्रशासक, ग्राम पंचायत रंगाईसर पंचायत समिति सरदारशहर | ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत रंगाईसर पंचायत समिति सरदारशहर

## उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बसेड़ी में किया पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण

**धौलपुर(निस.)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में 4 नवम्बर से मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरिराम मीना ने बसेड़ी क्षेत्र में पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण कर मौके पर अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने भाग संख्या 166 पवैनी के बीएलओ श सुगल लाल मीणा के कार्य का निरीक्षण किया गया। बीएलओ के भाग संख्या में कुल 1118 मतदाता है। बीएलओ द्वारा 22 मतदाताओं को परिगणना प्रपत्रों का वितरण किया गया। उक्त बीएलओ के पास समरी शीट नहीं थी। बीएलओ के पास बीएलओ किट नहीं थी। बीएलओ के पास कार्ड भी नहीं था। बीएलओ सुपरवाइजर श्री रामभरोसी मीणा द्वारा बीएलओ को नहीं समझाया गया। बीएलओ को किट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये गये। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बसेडी को उक्त बीएलओ सुपरवाइजर को नोटिस देने के निर्देश दिये गये। बसेडी विधानसभा के भाग संख्या 165 सुरारी के बीएलओ गंगा सिंह के कार्य का निरीक्षण किया गया। बीएलओ के भाग संख्या में कुल 577 मतदाता है।



## शाहरुख खान से तुलना होने पर हर्षवर्धन राणे का जवाब

हर्षवर्धन राणे ने अपनी संजीदा अदाकारी के जरिए दर्शकों के बीच खास जगह बनाई है। इन दिनों उनकी फिल्म एक दीवाने की दीवानियत थिएटर्स में लगी है, जिसमें उन्होंने एक जुनूनी आशिक का रोल निभाया है। हाल ही में एक पोर्टल ने हर्षवर्धन की तुलना शाहरुख खान से कर दी। इस पर हर्षवर्धन असहज हो गए।

### शाहरुख खान से की गई तुलना

दरअसल, एक न्यूज पोर्टल ने शाहरुख खान के साथ हर्षवर्धन राणे की तुलना करते हुए लिखा कि कोविड के बाद हर्षवर्धन ने एक ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जो पहले किसी के नाम दर्ज नहीं था। कोविड 19 के बाद हर्षवर्धन ऐसे स्टार बन गए हैं, जिनकी एक ही साल में दो फिल्में थिएटर्स में रिलीज हुई हैं। इस मामले में उन्होंने शाहरुख खान के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है, जिनकी कोविड के बाद साल 2023 में पठान और जवान दो फिल्में रिलीज हुई थीं।
हर्षवर्धन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर करते हुए रिएक्शन दिया है और गुजारिश की है कि शाहरुख खान के साथ उनकी तुलना न की जाए। एक्टर ने लिखा है, उन्होंने एक साल में दो बार अपने गॉड लेवल स्टारडम से ऐसा किया। मेरा एक साल में दो बार उन्हें फॉलो करने से ऐसा हुआ है। प्लीज मैं आपसे रिक्वेस्ट करता हूं कि किसी भी आर्टिकल में मेरा नाम उनके नाम के साथ न लिखें, वह भगवान हैं और मैं उनका एक मामूली पुजारी हूं।

### टेक्निकली हर्षवर्धन की दो फिल्में 2025 में रिलीज हुईं!

रिपोर्ट में कहा गया है कि टेक्निकली हर्षवर्धन की दो फिल्में साल 2025 में आई हैं। दरअसल, इस साल उनकी फिल्म सनम तेरी कसम री-रिलीज हुई, जिसने शानदार कलेक्शन करते हुए 35.55 करोड़ रुपये कमाए। इसके अलावा एक दीवाने की दीवानियत भी करीब 50.86 करोड़ रुपये नौ दिनों में कमा चुकी है। इस तरह हर्षवर्धन की एक साल में रिलीज दोनों फिल्मों ने 85 करोड़ रुपये से अधिक का कलेक्शन किया है। वैसे बता दें कि शाहरुख खान की साल 2023 में जवान और पठान के अलावा डंकी भी रिलीज हुई थी। बता दें कि एक दीवाने की दीवानियत में हर्षवर्धन राणे के साथ सोनम बाजवा भी नजर आई हैं।



## जेलर 2 में अहम भूमिका में नजर आएंगी विद्या बालन
## मिथुन चक्रवर्ती बनेंगे विलेन

सुपरस्टार रजनीकांत की साल 2023 में आई फिल्म जेलर बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। नेल्सन के डायरेक्शन में करीब 220 करोड़ के बजट में बनी तमिल एक्शन फिल्म ने देश में 348.55 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन और वर्ल्डवाइड 604.50 करोड़ रुपये की धुआंधार कमाई की थी। इसके बाद से ही इसके सीक्वल जेलर 2 का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। रजीनकांत इन दिनों कुली की रिलीज के बाद से जेलर 2 की शूटिंग में बिजी हैं और यह 2026 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से है। अब एक दिलचस्प खबर ये आ रही है कि इस सीक्वल फिल्म में विद्या बालन को कास्ट किया गया है। सोशल मीडिया पर चल रही खबरों के मुताबिक, जेलर 2 में विद्या बालन एक अहम भूमिका में नजर आएंगी। इस सीक्वल फिल्म की कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां पहली फिल्म की घटनाएं खत्म हुई थीं। फिल्म रजनीकांत के केंद्रीय किरदार टाइगर मुथुवेल पांडियन पर ही आधारित होगी, जो एक नए मूर्ति-तस्करी अंडरवर्ल्ड सिंडिकेट से लड़ता है। अपने बेटे की मौत के बाद मुथुवेल की जिंदगी पूरी तरह बदल गई है, जिसकी बानगी भी सीक्वल फिल्म में नजर आएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, विद्या बालन इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका में होंगी। अजित कुमार की फिल्म निर्कोंडा पारवाई में एक छोटी सी भूमिका के बाद तमिल सिनेमा में यह विद्या की दूसरा किरदार है। लेकिन इस बार वह एक फुल लेंथ रोल में नजर आएंगी।

### मिथुन चक्रवर्ती बनेंगे मेन विलेन




रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से बताया गया कि विद्या इस फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती की बेटी का किरदार निभाएंगी। मिथुन बड़े पर्दे पर प्रभास की फौजी में भी नजर आने वाले हैं। जबकि जेलर 2 में वह रजनीकांत के सामने मेन विलेन बनकर खड़े होंगे। फिल्म की शूटिंग फिलहाल चेन्नई में चल रही है और जनवरी तक शूटिंग खत्म कर इसके पोस्ट-प्रोडक्शन का शुरू होने की उम्मीद है।


### जेलर , 12 जून 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक की तैयारी

हालांकि, विद्या बालन या फिल्म की प्रोडक्शन टीम की ओर से अभी तक इस ओर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उम्मीद यही है कि जेलर 2 अगले साल 12 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें नंदमुरी बालकृष्ण, शिव राजकुमार और मोहनलाल के कैमियो की भी चर्चा है।

### जेलर 2 के बाद कमल हासन संग फिल्म करेंगे रजनीकांत

वर्कफ्रंट की बात करें तो रजनीकांत, आगे देखते जेलर 2 की शूटिंग पूरी करने के बाद सुपरस्टार कमल हासन के साथ एक और बड़ी फिल्म में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा वह डायरेक्टर सुंदर सी के साथ भी एक फिल्म करने वाले हैं।





## टिप्स फिल्म्स की नई फिल्म में एक साथ नज़र आएंगे सैफ अली खान और पुलकित सम्राट

बॉलीवुड दर्शकों के लिए एक शानदार सरप्राइज़ तैयार है, क्योंकि सैफ अली खान और पुलकित सम्राट पहली बार एक साथ बड़े पर्दे पर नज़र आने वाले हैं। यह फिल्म स्नेहा तौरानी द्वारा निर्देशित होगी, जो मशहूर निर्माता रमेश तौरानी की बेटी हैं। टिप्स फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली यह अनटाइटल्ड फिल्म अनुभव और युवा जोश का एक अनोखा मेल पेश करने का वादा करती है। फिल्म ने आधिकारिक रूप से 27 अक्टूबर 2025 को हुए मुहूर्त समारोह के साथ अपनी शुरुआत की, और तभी से यह प्रोजेक्ट आने वाले साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक बन चुका है। स्नेहा तौरणी, जिन्होंने भांगड़ा पा ले से अपना निर्देशन करियर शुरू किया था, अब इस नई फिल्म के जरिए एक बार फिर दर्शकों को एक जीवंत और एंगेजिंग सिनेमैटिक अनुभव देने जा रही हैं सैफ अली खान, जो मेनस्ट्रीम और एक्सपेरिमेंटल सिनेमा के बीच सहजता से जुड़ते रहे हैं, हाल के समय में थिएटर और ओटीटी, दोनों प्लेटफॉर्म्स पर अपनी बहुमुखी प्रतिभा से दर्शकों को प्रभावित कर चुके हैं। इस प्रोजेक्ट के साथ उनकी मौजूदगी फिल्म को स्टार पावर और गहराई दोनों प्रदान करती है। वहीं पुलकित सम्राट, अपनी करिश्माई स्क्रीन प्रेज़ेंस और एनर्जी से दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। सैफ के साथ उनकी जोड़ी दर्शकों को एक फ्रेश और दिलचस्प कैमेस्ट्री का अनुभव करा सकती है, जिसमें दो अलग-अलग अभिनय शैलियां मिलकर एक मनोरंजक और भावनात्मक कहानी बुनेंगी। स्नेहा तौरणी के निर्देशन और रमेश तौरणी के प्रोडक्शन के साथ, सैफ अली खान और पुलकित सम्राट की यह फिल्म 2025 की सबसे बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं में से एक बनती जा रही है, जिसमें दमदार परफॉर्मेंस, टैलेंटेड टीम और एक नई सिनेमैटिक विज़न का परफेक्ट संगम नजर आएगा।



## सोनाक्षी सिन्हा ने किया खुलासा 'जटाधरा' के किन पहलुओं ने किया आकर्षित

**साउथ अभिनेता सुधीर बाबू अभिनीत आगामी फिल्म जटाधरा में सोनाक्षी सिन्हा अहम भूमिका में नजर आने वाली हैं। अभिनेत्री की यह पहली साउथ फिल्म होने वाली है, जिसमें उन्हें खौफनाक अंदाज में देखा जाएगा। इस फिल्म की कहानी और अपने किरदार के बारे में सोनाक्षी ने बात की है।**

### इस फिल्म में होगा सोनाक्षी का सबसे अलग किरदार

अभनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने एएनआई से बात करते हुए अपनी आगामी फिल्म जटाधरा पर बात की। अभिनेत्री को जब ये फिल्म ऑफर हुई थी, तो उस दौरान के अनुभव को एक्ट्रेस ने साझा किया है। उन्होंने कहा, 'इस फिल्म में मेरी एक अलग भूमिका है, इसकी कहानी बहुत ही अलग है। यह सुपरनैचुरल और माइथोलॉजिकल फिल्म है, इसमें मिट्टी से जुड़ी कहानी है। आपने मुझे पहले कभी इस रोल में नहीं देखा होगा। यह मेरी पहली तेलुगु फिल्म है, इन्हीं सब कारणों की वजह से मैंने यह फिल्म चुनी।'

### कब रिलीज होगी फिल्म?

यह फिल्म 7 नवंबर 2025 को हिंदी और तेलुगु में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें दिव्या खोसला, सोनाक्षी सिन्हा, सुधीर बाबू और शिल्पा शिरोडकर, इंदिरा कृष्णा, रवि प्रकाश, नवीन नेनी और रोहित पाठक जैसे सितारे भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण जी स्टूडियोज और प्रेरणा अरोड़ा ने मिलकर किया है। इस फिल्म का निर्देशन वेंकट कल्याण और अभिषेक जायसवाल ने मिलकर किया है।





## आयुष्मान खुराना ने वरुण धवन को बताया बेहतरीन अभिनेता

अभिनेता आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'थामा' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म 9 दिनों में 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है। मैडॉक के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की इस फिल्म में आयुष्मान और वरुण धवन के बीच भी टक्कर देखने को मिली है। यही कारण है कि अब सोशल मीडिया पर दोनों को लेकर तुलना शुरू हो गई है। हालांकि, इस बीच आयुष्मान ने वरुण धवन की दिल खोलकर तारीफ करते हुए उन्हें एक बेहतरीन कलाकार बताया है।

### हमने साथ में की करियर की शुरुआत

बॉलीवुड हंगामा के साथ बातचीत में आयुष्मान ने वरुण के साथ काम करने पर बात करते हुए कहा कि हम बहुत उत्साहित थे। क्योंकि हमने अपने करियर की शुरुआत साथ में की थी। 2012 में मेरी फिल्म 'विकी डोनर' रिलीज हुई थी और मुझे लगता है कि 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' भी उसी साल आई थी। हम अलग-अलग इवेंट्स, शोज वगैरह में एक-दूसरे से मिलते रहे। वह सबसे अच्छे लोगों में से एक हैं और एक बहुत अच्छे सह-अभिनेता भी हैं। यहां तक कि फाइट सीक्वेंस के दौरान भी, अच्छी बात यह थी कि किसी को जरा भी चोट नहीं आई। इसे बहुत अच्छी तरह से कोरियोग्राफ किया गया था। अगर आपके सह-कलाकार में लय की समझ हो तो यह वाकई मददगार होता है।

### ऐसे आया विकासपुरी के वूल्वरिन डायलॉग का आईडिया

अभिनेता ने आगे कहा कि लड़ाई लय की तरह है। कोरियोग्राफी भी वैसी ही है। आपको इस बीट पर यहां होना है, आपको उस बीट पर वहां होना है। अगर आप डांस कर सकते हैं, तो आप फिल्मों में लड़ भी सकते हैं। फिल्म के डायलॉग विकासपुरी के वूल्वरिन के बारे में आयुष्मान ने कहा कि मुझे लगा कि चूंकि मेरी पहली नौकरी दिल्ली में थी और मेरी मां दिल्ली से हैं। हालांकि, मैं चंडीगढ़ से हूं, मैंने वहां काफी समय बिताया है। दिल्ली मेरे लिए दूसरे घर जैसा है। इसलिए मैंने सोचा कि वहां का थोड़ा स्थानीय स्वाद होना चाहिए। जैसा कि कहते हैं, अनुप्रास अलंकार। इसलिए विकासपुरी के वूल्वरिन में एक खास तरह का वाइब था। इसलिए मुझे लगता है कि मैंने उसे इसमें जोड़ दिया।

### हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है 'थामा'

'थामा' की बात करें तो यह मैडॉक के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। वरुण धवन की 'भेड़िया' भी इसी यूनिवर्स का ही हिस्सा है। इसलिए 'थामा' में भी वरुण के भेड़िया के किरदार का कैमियो है। 'थामा' में आयुष्मान के साथ रश्मिका मंदाना, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, परेश रावल और फैसल मलिक भी अहम भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म अभी भी सिनेमाघरों में बनी हुई है।



## लुमास में भागवत कथा, कलश यात्रा के साथ हुई शुरू

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं)।** लुमाश का बास में सात दिवसीय भागवत महापुराण कथा का आयोजन शुरू हुआ। बुद्धवार को प्रथम दिन सुबह कलश यात्रा निकाली गई जो कि संकट मोचन बालाजी धाम से शुरू होकर गांव के चारों तरफ होते हुए कथा स्थल तक पहुंची। इस कलश यात्रा में गांव की महिलाएं सिर पर कलश लेकर, ओर पुरुष और कथावाचक राजाराम महाराज, ओर महाराज की धर्म पत्नी राधा किशोरी ओर उनके कार्यकर्ता सभी ने गाजे बाजे के साथ ओर नाचते हुए कलश यात्रा की शोभा बढ़ाई । भागवत के प्रथम दिन कथावाचक राजा राम महाराज ने भागवत कथा के बारे में विस्तार से जानकारी दी।ओर बताया कि भागवत कथा का सुनने से हर मनुष्य का कल्याण हो जाता है।ओर भागवत सुनने से मनुष्य की हर समस्या दूर हो जाती है।इसलिए आप सब को ज्यादा से ज्यादा भागवत कथा को सुनना चाहिए। संजय शर्मा और गुलाब सिंह शेखावत ने बताया कि भागवत कथा के दूसरे दिन शिव पार्वती की झाकी ओर शिव पार्वती के विवाह की कथा सुनाई जाएगी। इस भागवत कथा ओर कलश यात्रा को सफल बनाने के लिए गुलाब सिंह,शिव शंकर सिंह, अनिल हुडा,फूल चंद जागिड़, केशर देव शर्मा, कमल जागिड़ संजय शर्मा,विनोद सिंह शेखावत, व समस्त ग्राम वाशी व समस्त महिलाओं का सहयोग रहा।

## राष्ट्रीय जाट शताब्दी सम्मेलन के लिए जनसम्पर्क

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ (नि.सं.)।** आगामी 9 नवंबर को जाट विश्राम स्थली पुष्कर में आयोजित होने वाले सम्मेलन के लिए आयोजन समिति के सदस्य संजय घिटाला, राकेश सियाग, सुखदेव सियाग आदि ने जनसम्पर्क करके ज्यादा से ज्यादा लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। शौर्य जाट शोध संस्थान के संयोजक रामनिवास जाट ने बताया कि सन् 1925 में पुष्कर में अखिल भारतीय जाट महासभा महोत्सव आयोजित किया गया, जिससे समाज में व्यापक जागृति की नई चेतना आई थी। इसी उपलक्ष में शताब्दी महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर रिछपाल तेतरवाल, सांवरमल तेतरवाल, एडवोकेट बनावारी लाल बिजारणिया, जाट समाज अध्यक्ष भंवरलाल, बनावारीलाल सहित समाज के कई नागरिक मौजूद रहे।

## स्टांप वेंडर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी की घोषणा, भरत कुमार शर्मा बने अध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं)।** शहर के स्टांप वेंडर एसोसिएशन संघ की सर्व समिति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें भरत कुमार शर्मा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष पद ग्रहण करने के बाद भरत कुमार शर्मा ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की। अध्यक्ष शर्मा ने अपनी घोषित कार्यकारिणी में ओम सिंह शेखावत को कोषाध्यक्ष, राजेंद्र चौहान को सचिव तथा नौरतन भाटी को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी। कार्यकारी सदस्यों में संजय पंवार, गजेंद्र शर्मा, खुशी मोहम्मद, गुलाब सिंह, हरिमोहन भोजक, धर्मेंद्र सिंह, बजरंग लाल स्वामी, मांगीलाल, चिमन सिंह, अक्षय कुमार भोजक, ताराचंद माली, साजिद खान, भंवरलाल सिहाग, सुरेंद्र सिद्ध, पूनम सिंह राजपुरोहित सहित अन्य कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है। नवगठित कार्यकारिणी ने संगठन को मजबूत बनाने एवं वेंडर्स की समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। भरत कुमार शर्मा के सर्व सम्मति से अध्यक्ष चुने जाने पर स्टाम्प वेंडर एसोसिएशन टीम सहित अनेक लोगों ने माला पहनाकर स्वागत करते हुए बधाईयां दी।

## अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

### पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2 किलो 560 ग्राम अवैध अफीम सहित 2 तस्करों को किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर।** थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रतनगढ़ रोड स्थित राजा गार्डन होटल के पास से एक एक्सयूवी गाड़ी से 2 किलो 560 ग्राम अवैध अफीम जप्त कर चित्तौड़गढ़ निवासी तस्कर 27 वर्षीय दीपक और 30 वर्षीय रोशनलाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा जप्त अवैध अफीम की अनुमानित कीमत साढ़े 12 लाख रुपए है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि रतनगढ़ रोड पर राजा गार्डन होटल के पास नाकाबंदी के दौरान रतनगढ़ की तरफ से आई एक एक्सयूवी गाड़ी को रुकवाकर चेक किया गया तो उसमें 2 किलो 560 ग्राम अवैध अफीम मिली। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चित्तौड़गढ़ निवासी 27 वर्षीय दीपक पुत्र भगवतीलाल और 30 वर्षीय रोशनलाल पुत्र उदयराम को मादक पदार्थों की तस्करी में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए 2 किलो 560 ग्राम अवैध अफीम व एक्सयूवी गाड़ी को जप्त कर दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि दोनों से पूछताछ की जा रही है कि उक्त दोनों यह अवैध अफीम कहां से लेकर आए थे और कहां सप्लाई करने जा रहे थे।

### 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान (4 से 18 नवम्बर)

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर प्रदेशभर में शुरु हुआ सड़क सुरक्षा अभियान, विभागवार हो रही सड़क सुरक्षा की सघन मॉनिटरिंग, यातायात नियमों का होगा सख्ती से पालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार राज्य में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्यभर में 4 नवम्बर से 18 नवम्बर तक 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान शुरु किया गया है। प्रदेश में अभियान के तहत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने तथा आपातकालीन सहायता प्रणाली को सुदृढ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा गृह विभाग से समेकित रिपोर्ट प्राप्त कर सड़क सुरक्षा अभियान की सघन मॉनिटरिंग की जा रही है। इस अभियान के सफल संचालन हेतु विभागवार जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं। पुलिस विभाग को इसकी नोडल एजेंसी एवं फील्ड को-ऑर्डिनेटर बनाया गया है, जो सम्पूर्ण प्रदेश में अभियान का फील्ड-लेवल समन्वय एवं पर्यवेक्षण सुनिश्चित कर रहा है। विभाग द्वारा शराब पीकर, तेज गति से, गलत दिशा में या खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालो के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान शुरु किया जा रहा है तथा बिना रिफ्लेक्टर या नंबर प्लेट वाले वाहनों पर विधिक कार्रवाई प्रारंभ की गई है। सभी राजमार्गो और प्रमुख सड़कों पर संबधित थाना एवं यातायात टीमें प्रभावी कार्रवाई के लिए तैनात कर दी गई हैं। साथ ही,यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि हाईवे मोबाइल यूनिट एवं एम्बुलेस निर्धारित मानको के अनुसार कार्यरत है। सभी छह लेन राजमार्गो पर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 मॉडल के अनुरूप लेन ड्राइविंग सिस्टम लागू किया जाएगा।

### शराब सेवन तथा ओवरस्पीड मामलों में चालकों के ड्राइविंग लाइसेस निलंबित

सड़क सुरक्षा अभियान में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा ओवरलोडिंग, अनाधिकृत संचालन, फिटनेस उल्लंघन इत्यादि पर सख्त कार्रवाई करने के साथ ही, शराब सेवन तथा ओवरस्पीड मामलों में चालकों के ड्राइविंग लाइसेस निलम्बन/निरस्तीकरण की कार्यवाही शुरु की गई है। विभाग द्वारा वाहन चेकिंग अभियान, रिफ्लेक्टर टेप लगवाने, सड़क सुरक्षा कार्यशालाएँ एवं जन जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

### हटेंगे अवैध ढाबे और अनाधिकृत संरचनाएं

अभियान में सार्वजनिक निर्माण विभाग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सहित संबंधित एजेंसियों द्वारा सभी राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गो पर अनाधिकृत कट 15 दिनों में बंद किए जाएंगे। विभाग द्वारा सभी सड़को पर व्हाइट लाइनिंग कार्य कराने, डिवाइडर अथवा मीडियन पर रेलिंग या सुरक्षा जाल लगाने, सड़क किनारे झाड़ियाँ हटाने तथा पटरी एवं गड्डों की मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। नियमानुसार चेतावनी, संकेतक एवं साइन बोर्ड लगाने के साथ ही अवैध ढाबे, बस स्टैंड एवं अनाधिकृत संरचनाएं भी हटाना शुरु कर दिया गया है। दुर्घटना संभावित अनअटेंडेड पशुओं को सुरक्षित स्थान पर भेजने हेतु कार्ययोजना बनाने से लेकर सर्विस लेन तथा ट्रक चालकों हेतु विश्राम स्थलों की समीक्षा की जाएगी।

### 45 वर्ष से अधिक आयु के वाहन चालकों का होगा नेत्र परीक्षण

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी वाहन चालकों के नेत्र परीक्षण के लिए अभियान चलाया जाएगा। साथ ही, एम्बुलेंस की उपलब्धता, ट्रॉमा सेंटर एव निकटवर्ती अस्पतालो की व्यवस्थाओं को भी और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि प्रभावितों को त्वरित चिकित्सकीय सुविधा मिल सके। अभियान के तहत नगरीय विकास एवं स्थानीय निकाय विभाग द्वारा भी फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त करने के साथ ही ट्रैफिक सिग्नलिंग सिस्टम व सड़क प्रकाश व्यवस्था का दुरुस्तीकरण तथा जन-जागरूकता हेतु बैनर, पोस्टर एव डिजिटल डिस्प्ले लगाए जा रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में भारी वाहनों की नो एंट्री सीमा एवं समय निर्धारण का भी पुनः परीक्षण किया जा रहा है।

### अत्यधिक समय तक वाहन चलवाने पर दंडात्मक कार्यवाही

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत ट्रांसपोर्ट कपनियों पर चालकों से अत्यधिक समय तक वाहन चलवाने की शिकायतों की जांच कर श्रम विभाग द्वारा दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। चालकों के कार्य घंटे व विश्राम समय की पालना सुनिश्चित करने हेतु निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान शुरु किया गया है। इस संबंध में सभी जिलों स्तरीय अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला स्तर पर अभियान के प्रभावी संचालन के लिए जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से जिला सड़क सुरक्षा समिति के माध्यम से अभियान की मॉनिटरिंग की जा रही है। अभियान के माध्यम से एनजीओ, स्वयसेवी संस्थाएँ एव स्थानीय युवाओं को जोड़ने, तथा हेलमेट, सीट बेल्ट, मोबाइल उपयोग निषेध, डिपर उपयोग आदि का विशेष प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। साथ ही, दुर्घटना पीड़ितों की सहायता करने वाले नागरिकों को सम्मानित भी किया जा रहा है।

## मण्डावा में देव दीपावली मनाई गई, दीपकों से जगमगाया परिसर

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं)।** मण्डावा स्थित सुरोलिया भवन में बुद्धवार शाम को कार्तिक मास में देव दीपावली का पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुरोलिया भवन परिसर को सैकड़ों दीपकों की रोशनी से जगमग कर दिया गया, जिससे एक अद्भुत और मनमोहक दृश्य उत्पन्न हुआ। श्रद्धालु महिलाएं अपने घरों से दीपक लेकर भवन पहुंचीं और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने इस पर्व को अपार उत्साह के साथ मनाया। देव प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया गया था और पूरे सुरोलिया भवन को सजाया गया था। दीपक रंगोली के आकार में प्रज्वलित किए गए, जिसने परिसर को एक दिव्य रूप दिया। मान्यता है कि देव दीपावली के दिन देवता स्वयं आकर दीपदान करते हैं। कोलकाता प्रवासी पण्डित शंकरलाल सुरोलिया ने देव दीपावली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें अपनी संस्कृति से जुड़े हर पर्व को सामाजिक समरसता की भावना के साथ मनाना चाहिए। इस अवसर पर दीप प्रज्वलन करने वालों में ड्कष्ठह्न गुंजनबाला सुरोलिया,अंशु सुरोलिया, एकता, आरएन सुरोलिया, देवांशी, प्रियांशी,सुशीला भगेरिया, सन्तरा सैनी, संतोष सुरोलिया, अंजली, सुरेन्द्र सुरोलिया और रजत सुरोलिया सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है की इस मौके पर अतीशबाजी भी की गई। अन्त में पण्डित शंकरलाल सुरोलिया सभी श्रद्धालुओं प्रसाद वितरण कर आभार जताया।

## सुविधाओं को दर दर भटक रहे मरीज

### सरकार की कछुआ चाल से आम जन परेशान, कागजों में अटका सेटेलाइट अस्पताल

जयपुर टाईम्स



**चूरू(निसं)।** राज्य सरकार की उदासीनता और लापरवाही के कारण चूरू शहर की जनता चिकित्सा सुविधा के लिए दर दर भटकने को मजबूर है। भजनलाल सरकार ने सेटेलाइट अस्पताल की घोषणा करने के बाद केवल इसे कागजों तक सीमित कर दिया है। गढ़ स्थित सेटेलाइट अस्पताल में चिकित्सा सुविधा नहीं होने के कारण सामाजिक संगठन समस्या समाधान केंद्र द्वारा पिछले 21 दिनों से धरना दिया जा रहा है। चूरू एकता मंच के जिलाध्यक्ष विनोद राठी ने धरने को समर्थन देकर आगामी रणनीति बनाई। मंच के सचिव प्रमोद शर्मा ने बताया कि सेटेलाइट अस्पताल में सोनोग्राफी, एक्सरे, खून जांच, यूरिन जांच,ऋद्गाास्, ऑपरेशन थियेटर, डेंटल,24 घंटे आपातकालीन सुविधा, एम्बुलेंस, ष्ठष्ठष्ट आदि की कमी होने के कारण शहर की जनता को परेशानी हो रही है। भरतीया अस्पताल रेफरल अस्पताल बना हुआ है। चिकित्सक अपने घरों में रोगियों को देखकर अपनी जेबें भर रहे हैं। भजनलाल सरकार हर मोर्चे पर विफल हो रही है, धरना स्थल पर अभी तक प्रशासन की तरफ से कोई भी प्रतिनिधि नहीं आए हैं। अगर जल्दी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। धरना स्थल पर सत्यनारायण व्यास, प्रेमचंद बगड़िया, पुरुषोत्तम लाल पटवारी, मुरारी लाल जैन, पंडित राजकुमार, सांवरमल सैनी, डालचंद सोनी, दारा सिंह, नौरतन सैनी, कमल चोटियां, राकेश कुमार उपस्थित रहे।

## विधायक पंडित अनिल शर्मा का 55 वां जन्मदिन सादगी के साथ मनाया, कार्यकर्ताओं ने 55 किलो की फूलों की माला पहनाकर, गायों को गुड़ व हरा चारा खिलाकर स्वास्थ्य व खुशहाल जीवन की कामना की

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं)।** कांग्रेस पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों व स्नेहीजनों द्वारा विधायक अनिल शर्मा का 55 वां जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ कामधेनु गौशाला में गौ माताओं को प्रसाद खिलाकर मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक पंडित अनिल शर्मा का 55 वां जन्मदिन 55 किलो की फूलों की माला पहनाकर व केक काटकर गौ माता को हरा चारा खिलाकर जन्मदिन सादगी पूर्ण तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर विधायक पंडित अनिल शर्मा ने सभी का आभार प्रकट करते हुए गौशाला में लगभग 10 लाख रुपये के विकास कार्य की घोषणा की व कहा कि मेरे को तो कार्यकर्ताओं द्वारा सादगी पूर्ण तरीके से जो गौशाला में जन्मदिन मनाया है व गायों की सेवा कर मनाया गया मैं आप सभी का इस अवसर पर आभार प्रकट करता हूं। इस कार्यक्रम को देखकर अपने आप में और ऊर्जा शक्ति प्राप्त कर रहा हूं। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्रसिंह राजवी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रामलाल सारण, कांग्रेस अध्यक्ष महावीर माली, परमेश्वर दुबे, पार्षद मदनसिंह राठौड़, ताराचंद सैनी, सीताराम चोहान, देवीलाल भाकर, संजय दीक्षित, मोतीराम जाखड़, हरिप्रसाद बेदी, पार्षद लाल बहादुर सेवदा, ओमप्रकाश पारीक, बनवारी लाल जांगिड़, तेजपाल पांडिया, फारूक ज्यान मोहम्मद, विष्णु गोड़, बाबुलाल माली, सोनू सोनी, शांतिलाल नाहटा, मोहनलाल मेव, प्रकाश प्रजापत सहित स्नेहीजन एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसी प्रकार विधायक अनिलकुमार शर्मा के जन्मदिन पर अनाथ आश्रम के बच्चों को फल वितरण कर बच्चों से केक कटवाकर विधायक महोदय का जन्म दिवस मनाया और ईश्वर से उनके स्वस्थ एवं खुशहाल दीर्घायु जीवन की प्रार्थना की।

## समय पर अनाज राशन वितरण पोईंट्स पर नहीं पहुंचाने का आरोप



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** भारतीय खाद्य निगम के स्थानीय ठेकेदार कासिम अली पर राशन डीलर्स ने मनमानी के आरोप लगाए हैं। डीलर शिवभगवान दर्जी ने बताया कि ठेकेदार की मनमानी के कारण सुजानगढ़ के डीलर, छापर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अनाज की आपूर्ति काफी देरी से पहुंचती है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। डीलरों ने बताया कि स्थानीय निगम के ऑपरेटर से संपर्क किया तो गाड़ियों की कमी बताकर टाल मटोल की गई। शिवभगवान ने बताया कि जब ठेकेदार के पास सही गाड़िया नहीं हैं, तो ऐसे ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट कर देना चाहिए। राजस्थान सरकार ने अक्टूबर में जो उपभोक्ता बाकी रह गए थे उनको 5 नवंबर तक अक्टूबर अनाज देने के निर्देश दिए थे, लेकिन जब माल आया ही नहीं तो डीलर कहां से देगा। यदि ठेकेदार गेहूं समय पर दे देता तो उपभोक्ताओं को वंचित नहीं रहना पड़ता। शिवभगवान ने बताया कि डीलर के पास समय पर अनाज नहीं पहुंचता, जिसका जिम्मेदार ठेकेदार है। वहीं बुधवार को मौके पर ऑपरेटर के पास जाने पर ट्रक खराब मिले, जिसके कारण उपभोक्ताओं के पास समय पर अनाज नहीं पहुंच पा रहा। राशन डीलरों ने लोगों तक अनाज पहुंचाने के लिए जिद बहस भी की। इस दौरान मोके पर अध्यक्ष पेमाराम सैनी, राजकुमार मावलिया, विक्रमसिंह, हसन खान, केसरीचंद आदि भी मौजूद रहे।

## आंध्र प्रदेश के मंत्री ने शेखावाटी के उत्पादों को सराहा

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** क्रॉफ्ट कौंसिल ऑफ आन्ध्र प्रदेश की ओर से विजयवाड़ा में आयोजित दो दिवसीय वसन्तम कार्यक्रम में सुजानगढ़ से दिशा शेखावाटी संस्थान भी पार्टिसिपेट कर रही है। संस्थान की सचिव डॉ. अमृता चौधरी ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चन्द्र बाबू के बेटे व केबिनेट मंत्री नारा लोकेश ने भी शिरकत की। संस्थान की ओर से परम्परागत शिबोरी स्टॉल पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया और उन्हें राजस्थान आने के लिए न्यौंता दिया गया। जिस पर मंत्री ने राजस्थान आने पर विजिट करने का आश्वासन दिया। डॉ. अमृता चौधरी ने उन्हें बताया कि राजस्थान में उप मुख्यमंत्री दिया कुमार पर्यटन के क्षेत्र में काफी अच्छा काम कर रही हैं। दूसरी ओर शेखावाटी की हस्तकला के बारे में मंत्री को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। मंत्री ने महिलाओं की आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में संस्थान द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

## ताईक्वांडो में समन्यु सुरेका ने जीता गोल्ड मैडल

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** सुजानगढ़ के मूल निवासी समन्यु सुरेका ने ऑस्ट्रेलिया में ताईक्वांडो में गोल्ड मैडल सहित कुल 4 मैडल जीते हैं। ब्रिसबेन में आयोजित इस्का एमा वर्ल्ड चैम्पीयनशिप में यह उपलब्धि सुरेका द्वारा हासिल की गई है। समन्यु के दादा सत्यनारायण सुरेका ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया में आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 44 देशों के 14 सौ से ज्यादा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। यूक्रेन के खिलाड़ी को हराकर समन्यु ने गोल्ड मैडल पर कब्जा किया है। उन्होंने 1 सिल्वर मैडल और 2 ब्रॉन्ज मैडल भी जीते हैं। समन्यु की इस उपलब्धि पर सत्यनारायण सुरेका, सिद्धार्थ सुरेका, पवन माहेश्वरी आदि ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# ईमानदार व्यापारी एवं सजग ग्राहक राष्ट्र की आवश्यकता : दिनकर सबनीश



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस.)।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन आदर्श शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं ग्राहक गीत से किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय संगठन मंत्री एवं संघ प्रचारक दिनकर सबनीश ने अपने उद्बोधन में कहा कि ईमानदार व्यापारी व सजग ग्राहक को वर्तमान में राष्ट्र की आवश्यकता के लिए अनिवार्य बताते हुए भिन्न-भिन्न दृष्टांत द्वारा समझाया कि किस प्रकार ग्राहक सजकता व स्वतंत्रता से हम विभिन्न प्रकार की ठगी व धोखाधड़ी से बच सकते हैं। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत निरंतर 51 वर्षो से ग्राहक अधिकारों के लिए उपभोक्ता संरक्षण हेतु कटिबद्ध है और उसी का वर्तमान प्रतिफल उपभोक्ता अधिनियम 1986 आज हमारे सामने है। नए उपभोक्ता कानून अधिनियम 2019 के अंतर्गत उपभोक्ता अदालतों की स्थापना लागू करवाना एक बड़ी उपलब्धि रही है। भारत की अर्थव्यवस्था यदि कल्याणकारी बनाना हो तो अर्थव्यवस्था का जो मूल आधार ग्राहक हैं। जयपुर प्रांत अध्यक्ष एडवोकेट भूपेंद्र पारीक ने बताया कि ग्राहक बाजार का राजा है। शोषण से मुक्ति दिलवाना ही ग्राहक आंदोलन का महत्वपूर्ण आधार है। आज ऑनलाइन बिक्री में ठगी, खाद्य पदार्थो में मिलावट, अधिक पैसा लेना व समय पर ग्राहक सुविधा उपलब्ध नहीं करवाना। बैंकिंग सेवा में अवरोध वह देरी किसानों को घटिया बीज वितरण इन सभी विषयों पर ग्राहक पंचायत संगोष्ठी के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाती है और उसके बहुत अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम सुंदर लाटा ने कहा कि बहुआयामी उपभोक्ता संगठन का निर्माण करना और शोषण पर प्रभावी रोक लगाना आज का युग धर्म है। उन्होंने न्यायालय के अनेक अनुभव साझा करते हुए प्रत्येक ग्राहक के कानूनी अधिकारों से अवगत करवाया। जिला अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन व संयोजन प्रांत सह सचिव डॉ प्रभा पारीक ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर के प्रबुद्धजन सहित डॉ कविता शर्मा, डॉ कंचन शर्मा, जिला मंत्री राजकुमार गौड, कोषाध्यक्ष विपिन गोयल, राजेंद्र सोनी, रचना पारीक, गिरधारी लाल सैनी, सुंदर लाल सैनी, रामनिवास पारीक, प्रदीप दीक्षित, अमरचंद मीणा, रामावतार जांगिड़, सुशील प्रजापत, मुकेश भामा, किशन जांगिड़, बाबूलाल प्रजापत, पवन सैनी, महावीर तंवर, शंकर लाल सोनी, परतनाथ सिद्ध, शिवरतन सर्राफ, राजीव व्यास, संजय शर्मा, शिवदयाल पारीक, अजय रोहिल्ला, विमल शर्मा, राधेश्याम शर्मा, डॉ महेश शर्मा, घनश्याम भोजक, शिवरतन सोनी, गिरीश लाटा, नारायण लाटा, उपजिला शिक्षा अधिकारी अशोक पारीक, महेंद्र वर्मा, भादर सिद्ध आदि उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में दो स्कूली बच्चों की मौत, महिला गंभीर घायल



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस.)।** लक्ष्मणगढ़-बलारां मार्ग पर भैरूपुरा के पास सोमवार रात को हुए सड़क हादसे में दिसनाऊ गांव के दो स्कूली दोस्तों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब दोनों दोस्त व उनके साथ महिला पैदल ही सड़क से जा रहे थे कि अचानक पीछे से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान गौतम पुत्र राजेश गंवारिया (16) और जयपाल पुत्र महेंद्र सिंह राजपूत (15), दोनों निवासी दिसनाऊ, के रूप में हुई है। दोनों दोस्त दिसनाऊ गांव की सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत थे। गौतम कक्षा 12वीं और जयपाल कक्षा 10वीं में पढ़ता था। सोमवार को जयपाल अपनी ताई के साथ किसी घरेलू कार्य से बलारां जा रहा था। गौतम भी इनके साथ था। हादसे में गुमान कंवर पत्नी भंवर सिंह, निवासी दिसनाऊ गंभीर रूप से घायल हो गई। गुमान कंवर का फिलहाल जयपुर में इलाज चल रहा है। वे जयपाल की ताई बताई जा रही हैं। दुर्घटना के बाद सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को गंभीर घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती करवाया। दुर्घटना में गौतम ने लक्ष्मणगढ़ से सीकर जाते समय जबकि जयपाल ने सीकर से जयपुर के बीच में दम तोड़ दिया। पुलिस ने बाद में दोनों शवों को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिए। दोनों मृतकों के पिता मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं, जिससे इनके घरों में मातम और आर्थिक संकट दोनों छा गए हैं। समाचार लिखे जाने तक परिजनों की ओर से पुलिस में कोई रिपोर्ट नहीं दी गयी है। हालांकि पुलिस ने अपने स्तर पर जांच शुरू कर दी है।

## देव दीपावली पर किया 2100 हनुमान चालीसा पाठ



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** शहर के अगुणा बाजार स्थित रूपया वाला हनुमान मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा एवं देव दीपावली के अवसर पर 2100 हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। महंत जुगल किशोरदास महाराज के सानिध्य में बुधवार सुबह आठ बजे से हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ किया गया। इस दौरान पुजारी सुरेश कुमार हरितवाल, श्याम सुंदर दर्जी, गोपाल शर्मा, लक्ष्मीकांत मिश्रा, आकाश सोनी, अशोक सोनी, निखिल सोनी, हेमंत शर्मा, ओमेश सोनी, पीयूष नवहाल, पवन दादलिका, रघुवीर हरितवाल, तनिष्क दादलिका, रतनी देवी, सुन्दर देवी, विद्या देवी, रेखा टेलर, लक्ष्मी दर्जी, नीतू सामरिया, पिंकी शोभासरिया, ऋषि राज टेलर, उषा सेवदा, यशस्वी शर्मा, ऋचा सेवदा, ममता, सुनीता शोभासरिया, कनिष्का, तनीषा शोभासरिया कुमकुम शर्मा, दिनेश कुमार लाटा, भावना लाटा, जनार्दन शर्मा, निहाल कुमार, अवधेश कुमार, शालू सामरिया, शिवानी सामरिया, शिव कुमार कलवाडिया, पिंटू सामरिया, बसंती गिलान, श्रेष्ठा गौड़, देवांशु मिश्रा, पूनम शर्मा, पुष्पा मिश्रा, गौरी शंकर चोटिया, संदीप सांखला सहित अनेक श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा पाठ किया।

## शादी समारोह से युवक की बाइक चोरी, पुलिस जांच में जुटी

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस.)।** शहर में एक शादी समारोह के दौरान बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार,शहर के दीनदयाल सैनी ने बताया कि वह एक टेंट व्यवसायी के यहां काम करता है। 4 नवंबर मंगलवार को दोपहर में वह शहर में आयोजित एक शादी समारोह में टेंट लगाने गया था।दीनदयाल ने अपनी हीरो स्प्लेंडर बाइक भवन के बाहर खड़ी की थी और अंदर काम करने चला गया। काम खत्म होने के बाद जब वह बाहर आया, तो बाइक गायब मिली। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि एक नकाबपोश युवक को बाइक लेकर जाते हुए देखा गया था।पीड़ित ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद दीनदयाल सैनी ने लक्ष्मणगढ़ थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरी हुई बाइक की तलाश शुरू कर दी है।

## 10 नवम्बर से धरने की चेतावनी

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** वार्ड न. 5 में सड़क निर्माण की मांग को लेकर कॉमरेड जगदीश नाथ ने धरना दिए जाने की घोषणा कर दी है। आयुक्त के नाम जारी पत्र में जगदीश नाथ ने बताया है कि विकास कार्यो में भेदभाव हो रहा है और इसके कारण आगामी 10 नवम्बर से नगरपरिषद पर धरना दिया जाएगा। क्योंकि काफी लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग विचाराधीन है और अब पांच दिनों में अगर स्वीकृति जारी नहीं होती है, तो मजबूरन आन्दोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

# बेसहारों का सहारा बना एमएसजी गुरुकुल गर्ल्स स्कूल



### अनाथ आश्रम में खाद्य सामग्री की किट वितरित की

### गुरूजी के जन्म दिवस पर किया मानवता भलाई का कार्य

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस.)।** डेरा सच्चा के वर्तमान गद्दीनशीन पूज्य गुरु संत डॉक्टर गुरमीत राम रहीम सिँह जी इंसा की पावन प्रेरणा वचनो पर चलते हुए तारानगर की एमएसजी हाइटेक गुरुकुल गर्ल्स स्कूल के स्टाफ ने डेरा सच्चा के संस्थापक बेपरवाह शाह मस्ताना जी महाराज के जन्म दिवस पर कस्बे के भाग्य श्री अनाथ आश्रम में रहने वाले बेसहारा मंदबुध्दि लोगों के लिए खाद्य सामग्री की राशन किट वितरित की। प्रिंसिपल हिमांशु रानी इंसा ने कहा ये प्रेरणा हमें हमारे गुरूजी से मिली है जिनके द्वारा 170 मानवता भलाई के कार्य चलाये जा रहे है। आश्रम के संचालक सुभाष पूनियाँ ने इस नेक कार्य के पूज्य गुरूजी का धन्यवाद ज्ञापित किया। स्कूल की अध्यापिकाओं ने बच्चों को आश्रम का भ्रमण भी करवाया एवं कहा बच्चे अपने माता पिता की सेवा करें, माता पिता को अकेला न छोड़े इनकी सेवा सबसे प्रथम सेवा है। इस मोके पर रीना, सोनिका, अमिता, पुष्पा, शोरभ, भारतलाल सहित स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

# एमएसजी अवतार दिवस भंडारा के रूप में धूमधाम से मनाया





जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस.)।** सर्वधर्म संगम डेरा सच्चा सौदा के संस्थापक बेपरवाह साईं शाह मस्ताना जी महाराज के 134वें पवित्र अवतार दिवस का भंडारा बुधवार को शाह सतनाम-शाह मस्ताना जी धाम, डेरा सच्चा सौदा सिरसा सहित देश-दुनिया में एमएसजी भंडारे के रूप में बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित नामचर्चा सत्संग कार्यक्रम में भारी संख्या में साध-संगत ने भाग लेकर साईं जी के अवतार महीने की खुशियां मनाईं। कार्यक्रम के दौरान साध-संगत ने पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की पवित्र शिक्षाओं पर चलते हुए मानवता भलाई कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। क्लाथ बैंक मुहिम के अंतर्गत 134 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। वहीं शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल में निशुल्क जन कल्याण परमार्थी चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें हृदय रोग सहित विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। शिविर में मरीजों का फ्री चैकअप किया गया और दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गईं। साथ ही अस्पताल में विभिन्न चिकित्सीय जांच पर विशेष छूट भी प्रदान की गई। नामचर्चा सत्संग कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र नारे और अरदास के साथ हुई। इसके पश्चात कविराजों ने भजनवाणी के माध्यम से गुरु महिमा का गुणगान किया। तत्पश्चात सत्संग पंडाल में लगाई गई बड़ी एलईडी स्क्रीनों के माध्यम से पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां ने साध-संगत को अपने पवित्र वचनों से लाभान्वित किया। इससे पूर्व समस्त साध-संगत ने धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा का इलाही नारा लगाकर पूज्य गुरु जी को एमएसजी अवतार भंडारे की बधाई दी। नामचर्चा सत्संग कार्यक्रम के दौरान साईं जी के जीवन से संबंधित एक डॉक्यूमेंट्री भी चलाई गई।

# नवलगढ में अतिक्रमण को लेकर बड़ी कार्यवाही, साथ व्यापारियों को दी गई चैतावनी और समय



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ(निस.)।** नवलगढ नगरपालिका और प्रशासन द्वारा अतिक्रमण को लेकर दिखा ऐक्शन मौड़। राजस्थान में गत कुछ माह में हों रहें हादसों के कारण राजस्थान सरकार ने पुलिस महकमे को आदेश दिए राज मार्ग में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं रहना चाहिए। इसको लेकर राजस्थान पुलिस जयपुर के निर्देश पर झुंझुनूं एसपी बृजेश कुमार ने नवलगढ पुलिस को भी आदेश दिये। आदेश प्राप्त करने के तुरंत बाद थाना छोड़ निकलें थानाधिकारी अपनी समस्त टीम को लेकर और मुख्य मार्ग का अतिक्रमण हटाया साथ ही कल फिर आने की चैतावनी भी दे दी। पिछले कई माह से हों रहें हादसों के बाद काफी जगह अलर्ट मौंड दिखाई दे रहा है। सरकार के द्वारा अतिक्रमण को हटाया जा रहा है यातायात व्यवस्था पर ध्यान दिया जा रहा है। लेकिन एक और बड़ी लापरवाही भी शामिल हैं नवलगढ़ शहर में पिछले दिपावली के दिनों के बाद भी यातायात की काफी समस्या सामने आयी है नया बाजार से लेकर रूप निवास की कोठी मार्ग पर बड़े-बड़े वाहनों का आवागमन दिन में ही होता है जिसके कारण आमजन को परेशानी का सामना भी करना पड़ा है। प्रशासन से अपील अतिक्रमण में छोटे व्यापारियों के लिए एक चिन्हित स्थान तय किया जाएं ताकि वे भी अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें।

# जिला स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** निकटवर्ती कस्बे जसवन्तगढ़ की लक्ष्य वॉलीबाल एकेडमी में बुधवार सुबह सुजला टेलेंट हंट के तहत जिला स्तरीय वॉलीवाल प्रतियोगिता का उद्घाटन राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र कीलक ने फीता काट कर और पहली सर्विस करके किया। आयोजन समिति के आसिफ राइन और आमिर सर ने बताया कि पद्मश्री महाकवि कन्हैयाल सेठिया की स्मृति में सात दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत इस प्रतियोगिता में अंडर 19 में 8 टीम गर्ल्स और 8 टीम बॉयज कुल सौलह टीम भाग ले रही हैं। उद्घाटन समारोह के विशिष्ट अतिथि साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा, राजस्थान टेनिस बॉल संघ के अध्यक्ष देवेश शर्मा, राजस्थान चॉक बॉल खेल संघ के सचिव अनिल मोठ, शिक्षाविद् अंजनीकुमार सारस्वत और समाजसेवी श्यामसुंदर सोनी थे। आगन्तुकों का स्वागत अजय कुमार सोनी, आसिफ, आमिर, विक्रम शर्मा ,पुनीत कुमार बरनेला, विक्रम शर्मा, रामसिंह, मोहित कुमार बोहरा, कृष्ण गोपाल स्वामी आदि ने दुपट्टा पहना कर किया। कार्यक्रम का संचालन एकेडमी के संचालक विक्रम सिंह ने किया।

# हर्षित शर्मा का सीए बनने पर किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस.)।** आईसीएआई द्वारा जारी किए गए चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा के परिणाम में मण्डावा के हर्षित शर्मा ने सफलता हासिल की है। हर्षित शर्मा की सफलता पर उनके परिवार और समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत किया है। उनके दादा संतकुमार डोलिया, दादी सन्तोष देवी, चाचा-चाची अनूप-शीतल और मां पार्षद सपना शर्मा ने उन्हें मिठाई खिलाकर, माला पहनाकर व तिलकार्जन सम्मानित किया। हर्षित ने बताया कि उन्होंने रोजाना आठ से दस घण्टे पढ़ाई की और विषय व टॉपिक पर पूरा ध्यान केन्द्रित करने को अपनी सफलता का मुख्य कारण बताया। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपनी मां पार्षद सपना शर्मा व परिजनों को दिया। हर्षित पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद के भी शौकीन है और उन्होंने कई प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की है। इस अवसर पर विद्याधर शर्मा, संत कुमार, राज कुमार, पवन कुमार, संदीप , अनूप, गौरव, वैभव, जया, पुष्पा, सन्तोष, दीक्षा, गुंजन, शीतल, माधव, अंजेल, रीतीका, किशन, राजश्री, मुकेश, पुनीता, राघव, कल्पना, धीरज, प्रियंशी, आर्धाय आदि ने हर्षित शर्मा की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# भारु में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान सम्मेलन आयोजित



**मण्डावा(निस.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 'हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी' संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से मंडावा विधानसभा में 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' को लेकर विधानसभा सम्मेलन का आयोजन भारु गांव में आयोजित हुआ। इस अवसर पर पूर्व सांसद नरेन्द्र कुमार, अभियान के संयोजक जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा,अभियान के जिला संयोजक योगेन्द्र मिश्रा ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 2047 तक भारत को पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाकर विकसित भारत बनाना है इसके लिए हमें सबसे पहले स्वदेशी वस्तुओं को अपने दैनिक जीवन में लानी होगी और हर भारतीय को संकल्प लेना होगा कि हम इसे देश के प्रति अपना कर्तव्य समझकर इसे जीवन में उतारे। पुर्व सांसद नरेन्द्र कुमार ने सभी से अपील की स्वदेशी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग करके भारत को सशक्त बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें साथ ही उन्होंने सभी को संकल्प पत्र के द्वारा भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प पत्र शपथ दिलवाकर भरवाया और उन्होंने अपील की हमे यह शुरुआत स्वयं के परिवार से करनी होगी तभी इस अभियान को हम सार्थक बना पायेंगे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।